विचार

सभी दर्शनशास्त्र मानसिक कल्पनाएं हैं। ऐसा कोई भी सिद्धांत कभी नहीं रहा जिसके द्वारा कोई चीजों के सच्चे सार तक पहुंच सके

नागार्जुन...

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com





पेज 4

वर्ष- 2 | अंक-136 | दिल्ली, शुक्रवार 28 जून 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


## न्यूज. ब्रीफ

### सेंसेक्स 79000 पार कर नए हाई पर



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का सिलसिला हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शुरूआती उतार-चढाव के बाद गुरुवार को भी प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लय में लौटे और फिर नए सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गए। रिलायंस और आईटी शेयरों में मजबूती के कारण बाजार को मजबूती मिली। सेंसेक्स गुरुवार को आखिरकार 568.93 अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 79,243.18 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 175.71 अंकों की बढ़त के साथ 24,044.50 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 ने 1000 अंकों की बढ़त के लिए यानी 23000 अंकों से 24000 अंकों को तक पहुंचने में महज 23 करोबारी सेशन लिए हैं। यह 1000 अंकों की बढ़त के लिए निफ्टी की ओर से लिया गया दूसरा सबसे कम समय है।

### बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम



**सके।** साउथ अमेरिका के देश बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम हो गई। बोलीविया के सैनिकों ने राजधानी ला पाज में मौजूद राष्ट्रपति पैलेस पर हमला बोल दिया। इसके बाद आर्मी के टॉप जनरल होजे ज्यूनिगा ने सेना के कुछ सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रपति पैलेस में सैन्य वाहन लेकर घुसने की कोशिश की। हालांकि, 3 घंटे अंदर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बोलीविया के टेलीविजन पर इसका लाइव टेलिकास्ट किया गया। वीडियो के मुताबिक, बोलीविया की सिक्योरिटी फोर्स ने शहर के मुख्य चौराहे को घेर लिया। इसके बाद एक मिलिट्री वाहन राष्ट्रपति पैलेस के दरवाजे पर टक्कर मारने लगा। इस दौरान सैनिकों ने अंदर दाखिल होने की कोशिश की।

### किशनगंज में 70 मीटर लंबे ब्रिज ढहा



**किशनगंज।** बिहार में एक और पुल गिरने का मामला सामने आया है। बीते 10 दिनों के अंदर पुल गिरने की यह चौथी घटना है। ताजा मामला किशनगंज जिले से सामने आया है। यहां गुरुवार को कनकई और महानंदा नदी को जोड? वाली एक छोटी सहायक नदी पर बना पुल ढह गया। किशनगंज के डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि जिले के बहादुरगंज ब्लॉक स्थित 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा एक पुल गिर गया है। यह पुल 2011 में मडिया नामक छोटी सहायक नदी पर बनाया गया था। मडिया नदी कनकई को महानंदा नदी से जोड़ती है।

राष्ट्रपति ने अभिभाषण में गिनाया केंद्र सरकार की उपलब्धियां और लक्ष्य, कहा...

# आने वाला दौर भारत का

## सेनाओं में सुधार का दावा.... अग्निवीर का नाम नहीं; शिक्षा नीति की बात पर विपक्ष के नीट-नीट के नारे

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के चौथे दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। भाषण में राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताईं। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा कि अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया, यह भी कहा कि देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं त्रस्ज्ञ को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के तीसरे दशक में ग्लोबल ऑर्डर एक नई शक्ल ले रहा है। मेरी सरकार के तहत आज भारत को दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। कोरोना, युद्ध जैसे हालात में यह साबित हुआ है। राष्ट्रपति बोलीं कि इस संकल्प की सिद्धि में अवरोध न हो ये हम सभी का दायित्व और कर्तव्य है। जब संसद सुचारू चलती है, स्वस्थ्य चर्चा होती है। लोगों का विश्वास पूरी व्यवस्था पर बढ़ता है। जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो इसमें



भारत के लोगों ने स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई राष्ट्रपति ने कहा- दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। छह दशक बाद ऐसा हुआ है। ऐसे समय में भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च हैं। लोगों ने मेरी सरकार पर तीसरी बार भरोसा जताया है। लोगो को भरोसा है कि उनकी आकांक्षाए केवल मेरी सरकार ही पूरा कर सकती है।

आपकी भी सहभागिता होगी। आने वाला दौर भारत का है, सदी भारत की है, इसका असर हजार साल तक रहेगा। आप सभी जानते हैं आज का समय पूरी तरह से भारत के लिए अनुकूल है। आज क्या नीतियां, निर्णय बनते हैं, इस पर पूरी दुनिया की नजर है। पिछले दस साल में जो हुआ, उससे हम विकसित भारत बनाने के लिए नई गति प्राप्त कर चुके हैं। आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था राष्ट्रपति ने कहा- आने वाले कुछ महीने में भारत गणतंत्र के रूप में 75 साल पूरे करने जा रहा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी कई बार हमले हुए है। आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर हमले का सीधा सबूत है। लेकिन देश ने इससे उबरकर दिखाया। **चांद पर पहुंचने पर गर्व होना चाहिए-** हमारी सफलताएं हमारी साझी धरोहर हैं, उन्हें अपनाने में संकोच नहीं, गर्व होना चाहिए। जो भारत डिजिटल पेमेंट के मामले में अच्छा प्रदर्शन करता है तो हमें गर्व होना चाहिए। जो भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार पहुंचता है तो हमें गर्व होना चाहिए। आज पूरा विश्व हमें मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में सम्मान देता है। मेरी सरकार विकास के साथ विरासत पर भी काम कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगा। रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को भी धूमधाम से मनाएगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत तमिल संघम जैसी परंपरा भी हमारी सरकार ने शुरू की है। **नालंदा यूनिवर्सिटी ग्लोबल हब बनेगी-** उन्होंने कहा कि नालंदा यूनिवर्सिटी के रूप में एक नया अध्याय जुड़ा है। मुझे विश्वास है कि नई यूनिवर्सिटी इसे ग्लोबल हब बनाने में मददगार होगी। भारत के युवा खिलाड़ी कुछ दिन बाद पेरिस ओलिंपिक जाने वाले हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। इसके साथ ही हम 2036 ओलिंपिक की तैयारी के लिए प्रयासरत हैं। **पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाएंगे-** हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुईं, इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। संसद ने भी इसके लिए कानून बनाया है। सरकार एक डिजीटल यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में काम कर रही है। इन्हीं प्रयासों से भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप सेक्टर बन चुका है। मेरी सरकार देश के हर युवा को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का वातावरण दे रही है। ग्रुप डी और सी से इंटरव्यू खत्म किया है। युवाओं को भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई का विकल्प दिया है। हमारी सेनाओं ने हथियार और उपकरण भारतीय कंपनियों से ही खरीदने का निर्णय लिया है। सैनिकों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसलिए 4 दशक बाद वन रैंक वन पेंशन योजना लागू हुई। **दो डिफेंस कॉरिडोर बन रहे-** आज भारत एक लाख करोड़ से ज्यादा की डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस का सौदा, डिफेंस सेक्टर में भारत की मजबूत पकड़ का नतीजा है। डिफेंस में आत्मनिर्भर होने के लिए मेरी सरकार यूपी और तमिलनाडु में दो डिफेंस कॉरिडोर विकसित कर रही है। देश में कई दशकों तक अस्थिर सरकार के दौर में कई सरकारें रिफॉर्म नहीं कर पाईं। देश की जनता ने ऐसी सरकार को चुना है जो इन रिफॉर्म को कर रही है।

### पीएम सूर्य घर योजना में एक करोड़ परिवार रजिस्टर्ड

30 हजार महिलाओं को कृषि सखी बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे किसानों की मदद कर सकें। मेरी सरकार का ये प्रयास है कि वे अधिक से अधिक बचत कर सकें। बैंक में ज्यादा ब्याज देने वाली सुकन्या समृद्धि योजना से उन्हें बहुत लाभ हो रहा है। पीएम सूर्य घर योजना में कम समय में एक करोड़ परिवार रजिस्टर्ड हैं। मेरी सरकार की योजनाओं में प्राथमिकता किसानों, महिलाओं और गरीबों को दी जा रही है। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया राष्ट्रपति बोलीं कि महिला सशक्तीकरण की नई शुरूआत की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। एक दशक में आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की मदद ली जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप को ड्रोन दिए जा रहे हैं। नेशनल हाईवे बनाने की गति दोगुनी हुई राष्ट्रपति ने कहा- 3 लाख 80 हजार किमी से ज्यादा सडके बनाई हैं। नेशनल हाईवे बनाने की गति दोगुनी हुई है। मेरी सरकार में पहली बार इतने व्यापक रूप से काम हो रहा है। नॉर्थ ईस्ट में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। असम में 27 हजार करोड़ की लागत से सेमी कंडक्टर प्लान बनाया जा रहा है। स्थायी शांति के लिए काम कर रही है। **हर सेक्टर में भारत लीडर बन रहा-** राष्ट्रपति ने कहा- सरकार सर्विस सेक्टर को मजबूत करने में जुटी है।

# राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की कोशिश

## राज्य मंत्री समेत 3 आरोपी गिरफ्तार, घर से मिला काला जादू का सामान

**माले।** मालदीव की पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमाथ शमनाज को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेनिश न्यूज एजेंसी श्वस्नश्व के मुताबिक,फातिमाथ के अलावा 2 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सभी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। हालांकि, मालदीव की सरकार की तरफ से अब तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने फातिमाथ के घर की तलाशी ली थी। इस दौरान वहां से काला जादू से जुड़ा काफी सामान बरामद हुआ था। फातिमाथ राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की



पत्नी हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक घर में राज्य मंत्री थीं फातिमाथ फातिमाथ इससे पहले भी राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ माले की सिटी काउंसिल की सदस्य रह चुकी हैं। तब मुइज्जू राजधानी माले के मेयर थे। पिछले साल उनके राष्ट्रपति बनने के बाद फातिमाथ ने भी काउंसिल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास मुलिआज की राज्य मंत्री बन गई। बाद में उन्हें ट्रांसफर कर पर्यावरण मंत्रालय में शिफ्ट कर दिया गया। मालदीव में काले जादू को फंदिता या सिहुरु नाम से जाना जाता है। इस्लाम कानून में इसे गंभीर अपराध कहा गया है। हालांकि, इसके बावजूद मालदीव में बड़ी संख्या में लोग काला जादू करते हैं। पिछले महीने पुलिस ने मुइज्जू की पार्टी के एक नेता पर काला जादू करने के मामले में 60 साल के बुजुर्ग को गिरफ्तार किया था।

# मनीष प्रकाश और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई उन दोनों से पूछताछ कर रही है। नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया। बिहार की जांच टीम ने सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी है। सीबीआई टीम ईओयू और पुलिस अधिकारियों से भी की बातचीत बताया जाता है कि सीबीआई की टीम बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचकर सारे सबूतों को अपने हाथ में ले लिए।

# पांच पाकिस्तानी आतंकियों की कश्मीर में संपत्ति जब्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित पांच आतंकियों की संपत्तियां कुर्क कर दी हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि बारामूला अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, उसने पाकिस्तान स्थित पांच आतंकवादी गतिविधियों के संचालकों की करोड़ों रुपए की संपत्ति कुर्क की। बारामूला पुलिस ने आरोपियों की पहचान तिलगाम निवासी बशीर अहमद गनी, खरगाम निवासी मेहराज उद दीन लोन, तिलगाम निवासी गुलाम मोहम्मद याटू, वानीगाम पाईन निवासी अब्दुल रहमान भट और सतरेसीरन निवासी अब्दुल राशिद लोन के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह यह कार्रवाई सीआरपीसी की धारा 83 के तहत की। इस पूरी कार्रवाई को थाना क्रीरी के मामले एफआईआर नंबर 04/2008 से जोड़ा गया है। इसमें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13(यूएपी) से जुड़ा मामला दर्ज है।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर पहुंचेगा

- बालटाल-अनंतनाग बेस कैंप में रुकेंगे यात्री; 29 जून को बाबा बफार्नी के दर्शन करेंगे

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचेगा। यहां से वे उत्तर कश्मीर बालटाल और दक्षिण कश्मीर अनंतनाग बेस कैंप जाएंगे। शुक्रवार को सुरक्षा काफिले के साथ सभी तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना होंगे और शनिवार को अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरूआत बुधवार से हो गई है। जम्मू के एसडीएम ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरूआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं। एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाए हैं।

मानसून ने पूरे मप्र को कवर किया

# भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश; बिजली गिरने से 3 की मौत

**भोपाल।** मप्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। गुरुवार को ग्वालियर समेत 6 जिलों में भी मानसून की एंट्री हो गई। मौसम विभाग ने इसकी घोषणा की। इधर, भोपाल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में दोपहर में तेज बारिश हुई। निवाड़ी और विदिशा में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबलपुर एयरपोर्ट पर शेड का हिस्सा एक अफसर की कार पर गिर गया। इससे कार पूरी पिचक गई। ग्वालियर, श्योपुरकलां, भिंड, मुरैना, दतिया और निवाड़ी जिलों में मानसून आने के साथ अब प्रदेश के सभी क्षेत्रों में (सीधी और सिंगरौली के उत्तरी हिस्सों को छोडकर) मानसून एक्टिव हो गया है।



### जावरा में पानी में कार फंसी

रतलाम के जावरा में भीमाखेड़ी रेलवे फाटक अंडर ब्रिज पर कार पानी में फंस गई। लोगों ने रस्सी से बांधकर कार को बाहर निकाला। रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए अंडरब्रिज से पानी की निकासी बंद है। गुरुवार दोपहर बारिश होने के कारण अंडरब्रिज के नीचे पानी भर गया। एक कार चालक ने कार को पानी में से निकालने की कोशिश की, लेकिन वह फंस गई। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, रायसेन और सिवनी में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

# पाकिस्तान में गर्मी से 6 दिन में 568 की मौत

- हीटस्ट्रोक से 267 लोग अस्पताल में, सडकों पर पड़ी लाशें, मुर्दाघर में शव रखने की जगह नहीं

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में भीषण गर्मी से बीते 6 दिन में 568 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में से 141 लोगों ने जान गंवाई। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 3 दिन में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, हवा में ज्यादा नमी की वजह से उमस बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से 40 डिग्री तापमान भी 49 डिग्री जैसा महसूस हो रहा है। पिछले 4 दिन में कराची के सिविल अस्पताल में हीटस्ट्रोक की वजह से 267 लोग भर्ती हुए हैं। पाकिस्तान के एक एनजीओ ईधी फाउंडेशन के प्रमुख फैसल ने कहा कि कराची में उनके 4 मुर्दाघर चल रहे हैं, लेकिन हालात ये हैं कि मुर्दाघरों में शवों को रखने के लिए जगह नहीं बची है। यहां हर दिन 30-35 शव पहुंच रहे हैं।

न्याय — एक जुलाई से लागू होने वाली न्याय संहिता पर सीएम बोले

# अब लोगों को न्याय देगी नई संहिता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आंख में पट्टी बांधकर कौन न्याय कर सकता है। न्याय की परंपरा रामराज्य, हरिश्चंद्र और विक्रमादित्य के समय से रही है। प्रेमचंद्र के पंच परमेश्वर में भी न्याय का रूप देखने को मिलता है। इसलिए एक जुलाई से लागू होने वाली न्याय संहिता अब लोगों को न्याय देने का काम करेगी। सीएम यादव ने ये बातें मंत्रालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं। तीन विदेशी नागरिकों को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र देने के कार्यक्रम में सीएम यादव से एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता को लेकर सवाल किए गए थे। इसके जवाब में सीएम यादव ने कहा- आंख में पट्टी बांधने से कैसे न्याय हो सकता है। आंख में पट्टी बांधना ही गुलामी के काल रहा है। यादव ने कहा कि हमारे देश में न्याय की परम्परा है। भारतीय दंड संहिता के बजाय एक जुलाई से शुरू होने वाली भारतीय न्याय संहिता लोगों को न्याय देने का काम करेगी।




### कांग्रेस की चरित्र दोमुंहा

*सैम पित्रोदा को फिर से ओवरसीज कांग्रेस की जिम्मेदारी दिए जाने के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- कांग्रेस का चरित्र ही दोमुंहा है। चुनाव के समय कांग्रेस का अलग चरित्र रहता है, और चुनाव के बाद अलग। सैम पित्रोदा ने आदिवासियों को अपमानित किया था। पहले कांग्रेस ने कहा हमारा कोई लेना-देना नहीं और अब चुनाव जाते ही सैम पित्रोदा कांग्रेस में आ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कह दिया था कि कांग्रेस चुनाव के बाद पित्रोदा को वापस ले लेगी, और वही काम कांग्रेस ने किया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस को पित्रोदा को हटाकर देश से माफी मांगनी चाहिए।* ***संस्कृति का अपमान करना विपक्ष की परंपरा-*** *लोकसभा में सेंगोल विवाद मामले पर सीएम मोहन यादव ने कहा- संस्कृति का अपमान करना विपक्ष की परंपरा है। सीएम ने कहा कि यह भारतीय मान बिंदु तमिल संस्कृति का अपमान है। सेंगोल को रखकर पवित्र बनाया गया पर विपक्ष के लोगों को समझ नहीं है। जिन्हें समझ नहीं है यह हमेशा भारतीय संस्कृति का अपमान करते हैं।*




## साहित्य के सारे सरोकार मनुष्य केंद्रित है- प्रो. हाडा...

# साहित्य अतीत से जोड़ता है, वर्तमान को समझता है और भविष्य को सुधारता है- प्रो. सारंगदेवोत

### भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



♦भारत टाइम्स♦

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय के हिंदी एवं संस्कृत विभाग के साझे में 'साहित्यः मानवीय मूल्य, सामाजिक सरोकार एवं विविध संदर्भ' विषय को लेकर आयोजित इस संगोष्ठी की निदेशक एवं अधिष्ठाता डॉ. शिल्पा राठौड़ ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. माधव हाडा, वरिष्ठ आलोचक ने मध्यकालीन धार्मिक साहित्य एवं भाषा विकास में संत कवियों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.किशन दाधीच, वरिष्ठ साहित्यकार ने कहा कि मानवीय मूल्य में वर्तमान में गिरावट देखी जा रही है और साहित्य के माध्यम से ही हम मनुष्यता को पुनः स्थापित कर पाएंगे। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक एवं चेयरपर्सन प्रो. कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत ने संबोधित करते हुए कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में समाज की भावनाओं, सहयोग आदि को साहित्य में पिरोया गया है तथा तकनीकी के साथ सामाजिक मूल्यों में भी बदलाव आ रहा है, ऐसे समय में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। संगोष्ठी सह संरक्षक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने सभी प्रतिभागियों को साधुवाद प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शोधार्थियों को शोध हेतु मंच उपलब्ध करवाते हैं। डॉ.बसंत सिंह सोलंकी, सचिव, राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद अर्पित किया। संगोष्ठी संरक्षक डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ ने संगोष्ठी की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।आयोजन सचिव एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हुसैनी बोहरा ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाइब्रिड मोड पर आयोजित इस संगोष्ठी में 20 प्रतिभागियों ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं समापन सत्र में प्रो. श्रीनिवासन अय्यर, साहित्यकार एवं कला मर्मज्ञ, प्रो. मलय पानेरी आलोचक एवं अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय ज.रा.ना.रा.विद्यापीठ, प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, शैली वैज्ञानिक एवं आलोचक तथा साहित्यकार डॉ. सदाशिव श्रौत्रिय ने साहित्य के विविध पक्ष, मानवीय मूल्य, साहित्य और बदलते परिप्रेक्ष्य तथा समाज में होने वाले सामाजिक परिवर्तनों पर अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी सह सचिव एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.पंकज मरमट ने संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया इस अवसर पर संस्थान के वित्त सचिव शक्ति सिंह करोही, डीन पीजी स्टडीज डॉ. प्रेम सिंह रावलोत सहित सभी संकाय अधिष्ठाता एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति सदस्य डॉ. चंद्ररेखा शर्मा एवं डॉ.कीर्ति चुंडावत ने विस्तार जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए हुए प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा सभी पत्र वाचन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ.अनीता राठौड़ द्वारा किया गया। ये जानकारी विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।




## उर्वरक प्रयोग के लिए डीएपी की जगह एनपीके अथवा एसएसपी उर्वरक उत्तम विकल्प



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा। सोहनलाल वैष्णव।** जोधपुर में अच्छी बरसात के साथ ही किसान खरीफ सीजन की बुवाई कर रहे है। इसके लिए कृषि अधिकारियों ने किसानों को उर्वरक के उपयोग कि विशेष जानकारी दी। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जोधपुर बी.के. द्विवेदी ने बताया कि किसान बुवाई के समय आमतौर पर डीएपी उर्वरक का उपयोग का अधिक प्रचलन है। परंतु कृषि विशेषज्ञों के अनुसार उर्वरक में एनपीके 12: 32:16 अथवा यूरिया व सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर काम में लेना बेहतर विकल्प है। एनपीके उर्वरक में नत्रजन व फास्फेट के अतिरिक्त प्रचुर मात्रा में पोटाश भी प्राप्त हो जाती है। जबकि एक कट्टा डीएपी के स्थान पर तीन बैग एसएसपी व एक बैग यूरिया डालने पर 16 प्रतिशत अतिरिक्त सल्फर की मात्रा प्राप्त होती है।सल्फर फसल उपज वृद्धि के लिए चौथा उपयोगी तत्व है जिसे उत्पादन का वांच्छित लाभ होता है। इसको लेकर किसानों से अपील कि जाती है कि डीएपी की जगह एनपीके अथवा यूरिया व एसएसपी का प्रयोग अधिक से अधिक बेसलडोज में करना बेहतरीन विकल्प है। द्विवेदी ने जिले के समस्त फिल्ड स्टॉफ को निर्देशित किया कि इसका किसानों में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार को महत्व देवे।

## आगामी मानसून की तैयारी



♦भारत टाइम्स♦

***अलवर /राजेश गुप्ता।*** *आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम अलवर की ओर से सड़क किनारे जमा मिट्टी को हटाया जा रहा है, ताकि वाहन चालकों विशेष तौर पर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े।*

## आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंस व एक गाय की मौत

### किसान परिवार को दो लाख का नुकसान...



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा। सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के पीपली चौराहे के पास पहली बारिश के साथ ही आकाशी बिजली गिरने से एक भैंस एक छोटी भैंस व एक गाय सहित तीन की मौत हो गई। कस्बे में गुरुवार का दिन पहली बारिश के चलते अच्छा रहा। लेकिन बरसात के दौरान तेज गर्जना के साथ पीपली चौराहे के पास खुर्शीद मोहम्मद पुत्र बलीखां मुस्लिम लौहार के घर में आकाशीय बिजली गिरने से एक गर्भवती भैंस, एक भैंस उम्र 2 वर्ष व एक गाय तीन 3 वर्ष तीनों की मौत हो गई । गनीमत यह रही की पशुओं की सेवा करने वाली महिला जैसे ही चारा डालकर घर में पहुंची वैसे ही आकाशीय बिजली पीछे इन जानवरों पर गिरने से मौके पर मौत हो गई। मुरा किस्म की भैंस, एक छोटी भैंस व एक गाय की अनुमानित कीमत करीब दो लाख बताई जा रही है। जिससे किसान परिवार को भारी नुकसान हो गया। वहीं बारिश के चलते करंट लगने से कस्बे के पुराने बिजली घर के पास एक गाय की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से तीन पशुओं की मौत की खबर लगने पर आसपास के ग्रामीणों की किसान के घर भारी भीड़ लग गई।

## पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किए गए

♦भारत टाइम्स♦

**मंदसौर /जगदीश परमार।** पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के जिला मंदसौर रतलाम उज्जैन शाहजहांपुर इंदौर धार झाबुआ खरगोन देवास बालाघाट मंडला सिविनि निवाड़ी टीकमगढ़ दमोह दतिया शिवपुरी गुना भिंड मुरैना आदि जिलों में एक साथ 11:00 बजे से 1:00 बजे तक नगर के व्यस्ततम चौराहों पर नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किए गए जिसमें लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया इसी तारतम में मंदसौर में एमपी सिंह परिहार संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष पुलिस पेंशनर



संघ मध्य प्रदेश के नेतृत्व में गांधी चौराहे पर नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सामाजिक संगठन के श्री हरिशंकर शर्मा श्री बीए सिसोदिया भारत पेंशनर संघ महासचिव मध्य प्रदेश के श्री केबिश्नोई सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम तंवर अजीज उल्ला खान धार्मिक उत्सव समिति के विनय डूबेला सुभाष गुप्ता जी योग गुरु सुरेंद्र जैन बंसीलाल तक आदि सामाजिक संगठन के लोगों ने सहयोगिता की जिला इकाई मंदसौर के जिला अध्यक्ष श्री आरपीमिश्रा प्रांतीय सचिव श्री राम रतन दुबे प्रांतीय संयुक्त सचिव एसके मिश्रा मंदसौर करबाग जिला अध्यक्ष श्री बृजेश दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह तोमर पोषाध्यक्ष नाहर सिंह सिसोदिया गुमान सिंह हाडा नरेंद्र व्यास रहीम बैग बालू राम राठौर शारदानंद पांडे आदि तमाम पुलिस पेंशनर्स उपस्थित रहे 1000 पंपलेट बात कर जनता को नशे के होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया जिसमें स्लोगन नशा छोड़ो बानो देश की शान नशा शाम को करोगे सुबह उतर जाएगा नशा राम के नाम का करो तो जीवन सुधर जाएगा जन-जन की यही पुकार सभी नशे का करो बहिष्कार नशे को गले लगाओगे मौत को गले लगाओगे नशा तुम्हारे लिए मजा है।

## उस समय देश में घोषित आपातकाल था आज घोषित आपातकाल है: टीकाराम जूली

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आपातकाल के मुद्दे पर पलटवार करते हुए कहा कि उस समय देश में घोषित आपातकाल था जिसको लेकर भाजपा के नेता बेवजह हंगामा खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश मे अघोषित आपातकाल चल रहा है। इस राज में जनता की आवाज को सुना नहीं जा रहा है, विपक्ष यदि अपनी बात रख रहा है तो उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके खिलाफ हो मुकदमे दर्ज कराए



जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर भारतीय जनता पार्टी ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह बात कर रहे हैं कांग्रेस ने आपातकाल लगाया, आपातकाल तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगा रही है। चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है, संविधान से खिलवाड़ किया जा रहा है,तानाशाही और हिटलरशाही स्वच्छ राजनीति को गंदा कर रही है। उन्होंने कहा कि जो मीडिया इस तानाशाही के खिलाफ बोलता है उस पर कार्यवाही की जा रही है, एक्टिविस्टों पर कार्यवाही की जा रही है,विपक्ष के खाते सीज किए जा रहे हैं, यह देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता अपने गिरेबान में झांककर देखे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को यदि आप जेल में डाल रहे हैं तो आम जन के साथ आप कैसा बर्ताव करेंगे।

## तहसीलदार ने किया चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण



**जितेश चौहान। पाली।** शहर के सर्वोदय नगर में संचालित हो रहे शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा विभाग की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार तहसीलदार बबेरवाल ने सर्वोदय नगर में संचालित हो रहे शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, दवा वितरण केंद्र सहित विभिन्न सुविधाओं के बारे में निरीक्षण किया।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर जिला कलेक्टर द्वारा पोस्टर विमोचन

♦भारत टाइम्स♦

**चित्तौड़गढ़।** अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस 26 जून पर शहर के नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र सुख सेवा संस्थान के जन जागरूकता हेतु पोस्टर का जिला कलेक्टर आलोक रंजन, अतिरिक्त कलेक्टर राकेश कुमार द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा संस्थान को आगे बढ़ने का प्रोत्साहन दिया एवं जन जागरूकता के लिये प्रेरित किया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि संस्थान पिछले 10 वर्षों से शहर में नशे के खिलाफ जन जागरूकता उपचार एवं पुनर्वास हेतु प्रयास कर रही है। पूर्व में भी संस्था को उसके कार्यों हेतु सम्मानित किया गया है और संस्थान आगे भी नशा मुक्ति हेतु अपना योगदान देती रहेगी।



## पंचायत राज मंत्री केबिनेट मंत्री मदन दिलावर का एडवोकेट पंकज मेवाड़ा के नेतृत्व में स्वागत



**बर - ब्यावर। कैलाश गुर्जर।** जोधपुर से जयपुर जाते समय राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री एवँ पंचायत राज कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर का एडवोकेट पंकज मेवाड़ा के नेतृत्व में श्री जोधपुर स्वीट्स झाला की चौकी पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान झाला की चौकी क्षेत्र के बारे में चर्चा हुई। स्वागत के दौरान रमेश सिंह लवामाली , एडवोकेट पंकज मेवाड़ा आकाश सिंह जैतपुरा ,भाजपा नेता नैन सिंह जी , बनवारी लाल सोलंकी , सुरेश चौहान , रमेश बोराणा ,योगेंद्र सिंह पातलिया, मदन सिंह भगवान पूरा , सुंदर नाथ , नरेश गुर्जर , दिलीप बागड़ी , किशन लाल गुर्जर , सुनील मेवाड़ा , गणेश राम गुर्जर कालश , साजन काठात, आदि मौजूद रहे।

## म्यूज़िक मेलोडी सीजन 8 का होगा आयोजन

**जयपुर।** संगीत के क्षेत्र में जानी मानी राष्ट्रीय संस्था म्यूजिकल सफर इंडिया के तत्वावधान में देश की गुलाबी नगरी जयपुर शहर में एक संगीतमयी कार्यक्रम म्यूजिक मेलोडी सीजन 8 का आयोजन 29 जून शनिवार को किया जा रहा है। म्यूज़िकल सफर इंडिया के प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक व संस्थापक सपना पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम में मशहूर अंतर्राष्ट्रीय सारंगी वादक व भारतीय शास्त्रीय गायक उस्ताद साबिर खान शामिल होंगे जिन्होंने कई देशों में अपनी प्रस्तुतियां दी है।

आवश्यकता
भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।
Bharattimesnews01@gmail.com
Whatsapp
9509745147
9799911545

## तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विधाथीयी ने दिया धरना, कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नम्बर न होने से तनाव में हैं छात्र

♦भारत टाइम्स♦

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के तहत संचालित होने वाले तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सैकड़ों विधाथीयों ने जयपुर में पुलिस कमिश्नरेट के सामने शहीद स्मारक पर कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नंबर के लिए नर्सिंग कॉसिंल एवं सरकार के खिलाफ धरना देकर नारेबाजी की। विधाथीयों ने कड़ी धूप में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना देकर स्वास्थ्य मंत्री एवं सरकार से न्याय की गुहार लगाई। नर्सिंग विधार्थी विकास सारंग ने बताया कि आरएन न मिलने से विधार्थी मानसिक रूप से तनाव में है साथ ही आरएन के अभाव में नौकरी न मिल पाने के कारण से छात्रों एवं उनके आश्रितो पर आर्थिक संकट भी मंडरा रहा है। इन विधाथीयों ने अपनी पढ़ाई के लिए किसी के परिजन ने बैक से लोन लिया तों किसी ने अपनी जमीन बेच कर फीस जमा कराई और अपनी पढ़ाई पूरी की लेकिन नर्सिग कॉसिंल एवं सरकार के गैर जिम्मेदार रवैये के कारण बच्चों को अभी तक आरएन नम्बर नहीं मिल पाया है जिसके कारण विधाथीयों को बेरोजगारी का सामना करना पड रहा है। नर्सिंग विधार्थी देवाराम ने बताया कि राजस्थान नर्सिंग कॉसिंल के इस गैर जिम्मेदार नर्णा ? के खिलाफ काँलेज प्रबंधन नें भी जमकर आवाज उठाई साथ ही काँलेज प्रबंधन नर्सिंग कॉसिंल के दफ्तर के चक्कर लगा लगा कर चप्पलें घिस चुकें है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके कारण तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 300 से अधिक नर्सिंग छात्रों के भविष्य दाव पर लगा हुआ है। गौरतलब हैं कि नर्सिंग की शिक्षा के लिए आईएनसी और आरएनसी ने तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत छात्रों को 2016-17,2017-18,2018-19,2019-20 एवं 2020-21 बैच के विद्यार्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दोनों सरकारी एजेंसियों से मान्यता दी गई, विद्यार्थियों ने मान्यता देखकर ही कॉलेज में दाखिला लिया तब से वह यहां नियमित विद्या अध्ययन कर रहे हैं. उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की किया जिसे राज्य सरकार ने मंजूर करते हुए तब से संबंधित अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृतियां आज तक प्रदान की जा रही है । बिगत 13 जनवरी 2022 को सरकार द्वारा एक लेटर जारी कर कॉलेज को अवगत कराया गया की 2021-22 से मान्यता को रद्द किया जाता है किंतु उस लेटर में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पिछले बेच के बच्चों पर ये आदेश लागू होगा। यहां अध्ययनरत बच्चों की विडंबना यह है इन बच्चों ने मान्यता देख कॉलेज में दाखिला लिया, सरकार द्वारा समय-समय पर दी जा रही छात्रवृत्तियों उन्हें मिली किंतु आज इनका भविष्य अधर में है।





# हर साल बारिश में सड़कें बनती है तालाब आने जाने वाले अपनी जान जोखिम में डालकर करते हैं सफर

## हर साल परेशानी जनता देखती है मगर पीडब्ल्यूडी विभाग अपनी जिम्मेदारी से कोसों दूर है...

♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** बरसात का मौसम शुरू हो चुका है हर जगह जल भराव और जगह-जगह सड़के टूटी होने के कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को और दुपहिया वाहनों को कठिनाइयों का सामना हमेशा की तरह इस साल भी देखने को पड रहा है। रेवदर विधानसभा के मंडार उपखंड क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी विभाग की हठधर्मिता के आगे जनता बेबस नजर आ रही है। पांच साल में सरकार तो बदल जाती है सरकार बदलने का अहसास जनता को नजर नहीं आता है। मगर रेवदर विधानसभा के मंडार उपखंड क्षेत्र में यहां की जनता को अहसास भी नहीं होता है कि हमने पांच साल के लिए सरकार को बनाया है कि नहीं। पिछले कई सालों से सोरडा ग्राम पंचायत से बांट ग्राम पंचायत तक जाने वाली मुख्य सड़क पर जानलेवा खड्डे है जगह जगह जलभराव हर साल होता है । मगर पीडब्ल्यूडी विभाग अपनी जिम्मेदारी को धरातल पर काम करने कि बजाय। किसानों को दोषी ठहराता नजर आता है। सोरडा ग्राम पंचायत से बांट ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली सड़क पर जलभराव होने से हर रोज दुपहिया वाहनों के अलावा रिक्शा चालकों को परेशानी का हमेशा सामना करना पड़ रहा है। जल भराव भी ऐसा कि तालाब कि तरह सड़क पर तीन फिट तक पानी भर जाता है । आसपास के किसानों द्वारा सड़क के किनारों पर मिट्टी से पाला बना दिया है जिससे सड़क का पानी नहीं निकल पा रहा है । पीडब्ल्यूडी विभाग को हर साल यहां कि जनता रोना रोती है मगर उनकी जूं तक नहीं रेंगती है। यदि जलभराव कि जगह पर आरसीसी निर्माण किया जाता है और किसानों द्वारा किए गए पालों को हटाया जाए तो समस्या से निजात मिल सकती है। मगर ना तो सरपंच ना ही विधायक, प्रधान, सांसद स्थानीय जनप्रतिनिधि इन किसी द्वारा पिछले कई सालों से अपनी जिम्मेदारी के तहत कोई भी आगे नहीं आया है। हां चुनावों में जरूर लोलीपॉप देकर जनता से वोट बटोरने में सफल हो जाते हैं मगर समस्या कि बात आती है तो । अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आते हैं। आखिरकार यहां कि समस्या का जिम्मेदार कौन।

# गुर्जर समाज की हताईया अपना जमा धन बेटियो की उच्च शिक्षा पर खर्च करे पोसवाल

♦भारत टाइम्स♦



**जेतारण(न्यूज)।** गुर्जर बाहुल्य गाव आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। महिला शिक्षा का स्तर निम्न जो चिंता का विषय है। समाज के युवाओ में राजनैतिक चेतना की कमी के कारण समाज ये दंश भुगत रहा है। उक्त बात पाली जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आये पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने कही। पोसवाल ने पाली जिले की सभी तहसीलों का दौरा कर समाज की अंदरुनी स्थिति से रूबरू हुये। पोसवाल ने कहा कि देव डूंगरी पर 11 करोड़ की लागत से बने देवनारायण आवासीय बालक स्कूल छात्रावास में सोलह में से मुख्य व्याख्याता सहित तेरह पोस्ट खाली है। यहाँ पानी तक कि सुविधा नही है, 4 साल में ही भवन में सेकड़ो दरारे आ गयीं है। यहाँ राज्य भर के 240 एमबीसी विधार्थियो का भविष्य गर्त में है। पोसवाल ने जिले की गुर्जर हताइयो प्रमुखों से मिल कर नशे व सामाजिक बुराइयों के खिलाफ काम करने व उनके कोष में पड़े लाखो रुपयों को बालिका डिजिटल लाइब्रेरियों के लिये खर्च करने की मांग रखी। पोसवाल ने समाज को समाज हित संगठन के मिशन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जेतारण में युवाओ द्वारा निमार्णाधीन देव लाइब्रेरी का अवलोकन कर सुझाव भी दिये। ज्ञातव्य रहे पोसवाल देव जन्मभूमि भीलवाड़ा सहित देश भर के कई ट्रष्ट से जुड़े हुये है। उन्होंने अपने प्रयास से देश भर के गुर्जर समाज को विमुक्त घुमन्तु श्रेणी में शामिल करवाया है। जेतारण पहुचने पर,,, समाज के युवाओ ने स्वागत किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश गुर्जर श्याम गुर्जर विक्रम गुर्जर राकेश गुर्जर गुमान गुर्जर बहादुर गुर्जर सहित कई थे।

खुशियों की पेंशन

# सीएम भजनलाल शर्मा ने 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए



सीएम भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1037 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की है।

♦भारत टाइम्स♦

**बर -ब्यावर कैलाश गुर्जर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1037 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की है। राजस्थान के झुंझुनू से सीएम भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1037 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की है। इस दौरान सीएम ने लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें मिल रही पेंशन के बारे में जानकारी ली। सीएम ने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- हमने पेंशन बढ़ाने का वादा किया था, यह वादा पूरा हुआ। खुशी है कि बढ़ी हुई राशि झुंझुनूं की धरती से गई है। इस राशि से जरूरतमंद अपनी बुनियादी आवश्यकता को पूरा कर सकेंगे। उन्हें आर्थिक रूप से संबल मिलेगा। हमारी सरकार जरूरतमंदों के साथ खड़ी है केबिनेट अविनाश गहलोत केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों और उनके परिवारों को राज्य सरकार की सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंनें लोगों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सरकार जन कल्याण के लिए कार्य जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सिलेंडर 450 रुपए देने का वादा किया था, जो 1 जनवरी से 73 लाख बहनों को सिलेंडर दिए। सीएम ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि बढ़ाई है। आने वाले दिनों में यह राशि भी किसानों के खाते में आने वाली है।



# डीआरएम ने किया फुलेरा सेक्शन का सेफ्टी इंस्पेक्शन,दिए दिशा-निर्देश

## नावा सिटी में व्यापारियों से मिले,गुड्स शेड का अवलोकन...

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार को जोधपुर-फुलेरा रेल मार्ग के स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया तथा सुरक्षित रेल संचालन से जुड़े उपक्रमों और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। जोधपुर से मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीआरएम ने सबसे पहले सांभर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा वहां सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और इनके प्रति कर्मचारियों की दक्षता की जांच की। बाद में उन्होंने सांभर से नावा सिटी रेलवे स्टेशनों के बीच सेफ्टी निरीक्षण के दौरान समपार फाटकों ,सिग्नल और ब्रिजों की स्थिति देखी और मानसून अवधि के दौरान इन पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नावा सिटी रेलवे स्टेशन पर बनवाए जा रहे गुड्स शेड के निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया और उपस्थित व्यापारियों से मिलकर उनकी लदान संबंधी समस्याएं सुनी और सुझाव लिए। बाद में वे विंडो ट्रैलिंग निरीक्षण करते हुए डेगाना और रेन रेलवे स्टेशनों पर पहुंचे तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कराए जा रहे इनके पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। डीआरएम ने मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर बन रहे ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण दौरे में डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (संकेत व दूरसंचार) सुरेश नेहरा,सहायक वाणिज्य प्रबंधक राजकुमार उधवानी,सहायक मंडल इंजीनियर अमरचंद बैरवा सहित अनेक निरीक्षक व आरपीएफ जवान भी उपस्थित थे।

# जयकुमार गुर्जर को किडनी देकर अर्धांगिनी ने दिया नया जीवनदान

♦भारत टाइम्स♦



**जोजावर/ दिनेश प्रजापत।** मां की सेवा, पत्नी के जीवन संगिनी धर्म व अपनों की दुआओं को दिया गुर्जर ने श्रेय शहर के प्रतिष्ठित व नागरिक रामचंद्र गुर्जर के छोटे पुत्र जयकुमार गुर्जर (सीटीआई) की किडनी खराब होने के बाद उनकी धर्मपत्नी सीमा देवी गुर्जर ने पतिव्रता धर्म निभाते हुए अपने जीवनसाथी को अपनी एक किडनी देकर नया जीवनदान दिया । जयकुमार गुर्जर को धर्मपत्नी द्वारा दी गई किडनी की चर्चा संपूर्ण क्षेत्र में फैल चुकी है। जयकुमार गुर्जर बहुत ही सरल मृदुल व्यवहार के धनी है और उनकी किडनी के बारे में जब से लोगों को पता चला तब से सभी जाति वर्ग के महिला, पुरुष व बच्चे उनके नए जीवन की प्रार्थना कर रहे थे , इधर गुर्जर की धमपत्नी सीमा देवी गुर्जर ने पति के ऑपरेशन से पूर्व अपने पति को हिम्मत दिलाई और कहां था कि मैंने आपसे सात फेरे लेकर यह वचन दिया था कि जीवन के हर सुख दुःख में साथ दुंगी और अब जब यह वक्त आ गया है तो सात फेरों के वचनों को निभाकर एक सच्ची धमपत्नी होने का फर्ज निभाऊंगी और मेरी एक किडनी आपको देकर जीवन संगिनी होने का फर्ज निभाऊंगी ।आखिर अहमदाबाद में लंबे समय तक चले ईलाज के बाद धर्मपत्नी की किडनी जयकुमार गुर्जर को ट्रांसफर कर दी गई। अब दोनों पति-पत्नी एकदम स्वस्थ हैं। इधर जय कुमार गुर्जर ने बताया कि माता-पिता की सेवा कभी खाली नहीं जाती है और विशेषकर मेरी बुजुर्ग मां ने मुझे आशीर्वाद दिया था।

# लालकुआं-राजकोट-लालकुआं वीकली ट्रेन जोधपुर होकर गुजरेगी

**जोधपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की जा रही लालकुआं-राजकोट-लालकुआं स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेलवे स्टेशन होकर गुजरेगी। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 13 ट्रिप के लिए इस स्पेशल ट्रेन का संचालन 7 जुलाई से 29 सितंबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन 05045,लालकुआं-राजकोट स्पेशल 7 जुलाई से 29 सितंबर तक (13 ट्रिप) प्रत्येक रविवार को दोपहर 1.10 बजे प्रस्थान कर सोमवार सुबह 6.10 बजे जोधपुर आगमन व 6.25 बजे प्रस्थान कर सायं 6.10 बजे राजकोट पहुंच जाएगी। इसी प्रकार ट्रेन 05046, राजकोट-लालकुआं स्पेशल 8 जुलाई से 30 सितंबर तक(13 ट्रिप) राजकोट से प्रत्येक सोमवार को रात्रि साढ़े दस बजे प्रस्थान कर मंगलवार सुबह 10.15 बजे जोधपुर आगमन कर 10.30 बजे प्रस्थान कर बुधवार को सुबह 4.05 बजे लालकुआं पहुंच जाएगी।

# बरसी महोत्सव को लेकर भजन संध्या आज

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** घोड़ावट स्थित अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय श्री रामधाम के झरणारामजी महाराज का दो दिवसीय धार्मिक बरसी महोत्सव के तहत शुक्रवार रात्रि में भजन संध्या होगी। जिसमें अनेक संत महापुरुषों के द्वारा सत्संग भजन व धर्म सभा का आयोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही युवा संत सेवाराम रामस्नेही ने बताया कि बरसी महोत्सव के दुसरे दिन शनिवार को विभिन्न पूजा अर्चना के बाद प्रसादी के साथ होगा। बरसी महोत्सव को लेकर श्री रामधाम घोड़ावट को आकर्षक रंग रोगन करते हुए रोशनी से सजाया गया है। वही घोड़ावट, खवासपुरा, बोरुंदा, चौकड़ी खुर्द, चौकड़ी कला, सियारा, मादलिया, लवारी, मालावास, पुंदलू व धनापा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के श्रद्धालु इस बरसी महोत्सव के धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# दोहरीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

**अजमेर।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-महोबा रेलखण्ड पर तेहरका-रानीपुर रोड-मऊ रानीपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेगीः- 1. गाडी संख्या 19666, उदयपुर सिटी-खजुराहो रेलसेवा जो दिनांक 28.06.24 व 29.06.24 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-ललितपुर-खजुराहो होकर संचालित होगी।

# घर मे घुस कर महिला के साथ छेड़ छाड़ व लूट

♦भारत टाइम्स♦

**विमल कुमार/फरुर्खाबाद।** अलीगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नगला किस्श निवाशी वेवी पत्नी सतेनदर सिंह के घर 26-6-2024 रात्री के समय धीरज पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम नगला किस्श थाना अलीगंज जो दीवाल ऊदकर वेवी के घर के अन्दर घुस आया और हमको गन्दी नीयत से दवोच लिया मेरे साथ छाड छाड की तथा गन्दी गाली देते हुए मेरी छाती पर तमंचा रखकर मेरे पहने हुए जेवर को जवरन उतारने के लिए कहा। जान से मारने की धमकी देते हुए हमसे जवरन जेवर छीन लिया। हमको मौका मिलते ही हमने चिल्लाते हुए अपने पडोसियो आवाज दी उसी समय मौके पर काफी लोग पहुचे ।गांव के लोगो की आवाज सुनकर धीरज दीवाल दीवाल कूदकर भाग गया। भागते समय धीरज अपने सैंडल जल्द वाजी मे मेरे घर छोड़ गया ।विवी ने धीरज पर आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी अलीगंज अमित कुमार को वताया कि मेरे पति दिल्ली प्राइवेट नौकरी करते है।

# चिकित्सा विभाग ने शहर में मीट की दुकानों पर की कार्रवाई, एनओसी के अभाव में 36 दुकानों के लाइसेंस किए निरस्त

♦भारत टाइम्स♦

**( जितेश चौहान ) पाली।** चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के निर्देश पर गुरुवार को पाली शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही करीब तीन दर्जन से अधिक मीट व चिकन की दुकानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने नगर परिषद की एनओसी के अभाव में इन दुकानों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि पाली शहर में पिछले लंबे समय से बिना लाइसेंस की मीट व चिकन की दुकानें संचालित होने को की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर चिकित्सा विभाग ने कारवाई को अंजाम देते हुए पिछले 2 दिन में पाली शहर के जंगीवाडा, मोमिनो का बास, नाडी मोहल्ले सहित विभिन्न इलाकों में खाद्य सुरक्षा टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 की धारा 32 (3) के तहत करीब 36 मीट व चिकन की दुकानों पर खाद्य कारोबार के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 (खाद्य कारोबार का



अनुज्ञापत्र और रजिस्ट्रेशन) की धारा 32 (3) के उपनियम 2.1.2 की अनूसूची 4 के भाग.५ का उल्लघन किया जा रहा था। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इन सभी दुकानों का निरीक्षण करके कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने बताया कि टीम को निरीक्षण के दौरान इन दुकानों पर कार्यरत स्टॉफ का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नही पाया गया, खाद्य सामग्री मांस मछली का रखरखाव एवं संधारण उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा था, कचरा पात्र अवशिष्ट पदार्थ ढके हुये नही थे, पेस्ट कन्ट्रोल नही करवाया गया, जीवित पशुओ का रख रखाव नियमानुसार नही किया जा रहा था, साफ सफाई नियमानुसार नही पायी गयी, नगर परिषद द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र नही पाया गया। इसलिए चिकित्सा विभाग द्वारा इन दुकानों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के विनीयम 2011 (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापत्र और रजिस्ट्रेशन) की धारा 32 (3) में उप नियम 2.1.8 (4) के तहत लोक स्वास्थ्य हित में रजिस्ट्रेशन निरस्त किए गए। उन्होंने बताया कि एनओसी के अभाव में निरस्त किए गए लाइसेंस के दुकानदारों को सात दिवस में नगर परिषद से एनओसी लेकर रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद चौधरी, भूराराम गोदारा व नारायण सिंह इंदा थे। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई जिले भर में भी जारी रहेगी। जिले में अवैध रूप से चल रही मीट व चिकन की दुकानों पर भी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

# रामनगर में सजी ईद-ए-गदीर की महफिल

♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर/वाराणसी।** शिया हजरात के सबसे बड़े त्योहार ईद-ए-गदीर पर बुधवार रात्रि वारीगढ़ही स्थित अजाखानाए बाबुल हवाएज में एक महफिल सजाई गई और शायरों ने हजरत अली के मौला बनाए जाने पर अपने-अपने कलाम सुनाये। ईद-ए-गदीर में हजरत अली के मौला बनाए जाने पर शिया हजरात जश्न मना कर खुशी का इजहार करते है। लगभग साढ़े १४०० साल पहले नबी ने हज से लौटते समय सवा लाख हाजियों के बीच गदीर के मैदान में हजरत अली को अपना जानशीन बनाया। कहा जिस जिस का मैं मौला हूं, उस उस के अली मौला हैं। अली मेरे जानशीन हैं और अली मेरे भाई हैं। महफिल का आगाज मौलाना तहजीबुल हसन अजमी ने तिलावते कलामे पाक से किया। महफिल में तकरीर मौलाना हैदर मेंहदी ने की। महफिल में हिन्दुस्तान के मशहूर शायरों में शुमार ताज कानपुरी, मेयार जरवली, अजादार अजमी, अमन इलाहाबादी, कुमैल अकबराबादी,




बाकर रजा रामनगरी, नजाकत चंदौलवी, एलिया गाजीपुरी, समर चंदौलवी, युशा तुराबी, अता गदीरी आदि शायरों ने अपने कलाम सुनाकर खूब वाह वाही लूटी।। महफिल में मुख्यरूप से सय्यद रजी जैदी, मौलाना फरमान रजा, मौलाना सय्यद वसीम असगर, इनाम रजा, मोहम्मद मेहंदी, मुन्ना मिर्जा, यूसुफ रिजवी रईस, समर अब्बास, मोहम्मद, सय्यद अख्तर रजा, मो० हैदर, आजम रिजवी, अम्बर तुराबी, नकी हसन (विक्की) एस हसन फातमी (शुजा) मोहम्मद आसिफ,बाकर रजा, मुजम्मिल

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में...

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है।

स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी

**हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है।**



बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।

हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है।

संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है। बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा-सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना-प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरूआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

# कनाडा में आतंक का महिमामंडन, कनिष्क बम विस्फोट की मनाई गई बरसी, भारत ने जताई कई आपत्ति

कनाडा के इस चेहरे को समझना अब मुश्किल नहीं रह गया है और एक तरह से यह भारत के लिए सजग रहने का वक्त है। वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की बात और अपने देश में प्रकारांतर से आतंकवाद का समर्थन और महिमामंडन मानो कनाडा की फितरत होती जा रही है। पिछले कुछ समय से यह लगातार देखा जा रहा है कि एक ओर कनाडा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग का संबंध मजबूत करने की दुहाई देता है और दूसरी ओर वह भारत के खिलाफ आतंकी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके लिए सहानुभूति का सार्वजनिक प्रदर्शन करता है। हालांकि कनाडा के इस चेहरे को समझना अब मुश्किल नहीं रह गया है और एक तरह से यह भारत के लिए सजग रहने का वक्त है। यही वजह है कि आतंकवादियों के प्रश्रय देने के कनाडा के रुख के मद्देनजर अब भारत ने भी स्पष्ट प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। वर्ष 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की उनतालीसवीं बरसी पर कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाली गतिविधियों को निंदनीय करार देते हुए भारत ने साफ शब्दों में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कार्रवाइयों को वहां इजाजत दी जाती है, जबकि शांतिप्रिय देशों और लोगों की ओर से आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की जानी चाहिए। गौरतलब है कि कनिष्क बम विस्फोट की घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार तीन सौ उनतीस लोगों की जान चली गई थी। मरने वालों में ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। माना जाता है कि उस समय के खालिस्तान




समर्थक आतंकवादी तत्त्व कनिष्क बम विस्फोट की घटना के लिए जिम्मेदार थे। इसके बावजूद कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। आमतौर पर कनाडा इन आरोपों से इनकार करता रहा है, मगर वह इस सवाल का जवाब नहीं दे पाता कि अगर वह आतंकवाद में विश्वास रखने वालों को प्रश्रय नहीं देता है तो वहां की संसद तक में किसी खालिस्तानी तत्त्व की याद में गतिविधियां क्यों आयोजित होती हैं। हाल ही में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद में ह्यएक मिनट का मौनह्ल रखा गया था, जिसकी भारत ने तीखी आलोचना की थी। विचित्र यह है कि कनाडा की ओर से भारत के साथ कई मुद्दों पर साथ होने और आर्थिक-राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने की दुहाई दी जाती है और साथ ही वहां की संसद में खालिस्तान समर्थकों की हिमायत में ह्यएक मिनट का मौनह्ल रखा जाता है। सवाल है कि दूसरे देशों में लोकतंत्र की लड़ाई का पक्ष लेने के दावे के समांतर कनाडा किस तर्क पर अपने देश में अलगाववादी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके प्रति सहानुभूति का रुख रखता है। क्या वह इस तथ्य से अनजान है कि इस मसले पर भारत के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी हैं? क्या यह परोक्ष रूप से भारत जैसे देश की संप्रभुता में दखल नहीं है? यह रवैया रखते हुए कनाडा भारत के साथ किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आतंकवाद किसी तरह की सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल का खयाल नहीं करता और यह एक ऐसी चुनौती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिल कर निपटने की जरूरत है। विश्व में ऐसे भी उदाहरण रहे हैं कि अगर किसी देश ने अपने सीमा-क्षेत्र में आतंकवाद को पलने-बढ़ने का मौका दिया, उसे प्रश्रय दिया, तो बाद में खुद उसे ही आतंकवाद का पीड़ित और भुक्तभोगी होना पड़ा। कनाडा आतंक का महिमामंडन करके न केवल भारत के सामने जटिल हालात पैदा करने की कोशिश करता है, बल्कि वह अपने भविष्य के लिए भी मुश्किलों की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है।

# संपादकीय

## बड़े शहरों में सुरक्षा मानकों पर फेल हैं कई खेल, लापरवाही की चुकानी पड़ जाती है मोटी कीमत

जहां मनोरंजन आदि के लिहाज से किसी खेल का संचालन किया जाता है। मगर वहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरती जाती है, जिसका खमियाजा वहां आए बच्चों या लोगों को भुगतना पड़ता है। शहरों-महानगरों में बने व्यावसायिक परिसरों या माल में जाने वाले लोग आमतौर पर सामान की खरीदारी के अलावा वहां होने वाली अलग-अलग गतिविधियों के प्रति भी आकर्षित होते हैं। इनमें पैसा चुका कर खेले जाने वाले कई तरह के खेल भी शामिल होते हैं, जो खासतौर पर बच्चों का ध्यान खींचते हैं। इन परिसरों में सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन करने का दावा किया जाता है। मगर चंडीगढ़ के एक मशहूर माल में जिस तरह खिलौना ट्रेन के अचानक पलट जाने से एक बच्चे की जान चली गई, उससे यही साबित हुआ है कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ऐसी जगहों का प्रबंधन समूह कारोबारी गतिविधियां संचालित तो करता है, लेकिन उसके सुरक्षित होने को लेकर पर्याप्त फिक्र नहीं की जाती।



माल में खिलौना ट्रेन में बच्चों को बिठा कर उसे चलाते हुए इसका ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी गई कि गाड़ी में बैठे बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करनी है। नतीजतन, एक जगह मुड़ते हुए गाड़ी पलट गई और उसके डिब्बे से ग्यारह वर्ष के एक बच्चे के सिर में इस तरह चोट लगी कि उसकी जान चली गई। साफ है कि यह प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाने में बरती गई घोर लापरवाही है, जिसकी कीमत एक परिवार को इस त्रासद तरीके से चुकानी पड़ी। व्यावसायिक परिसरों में ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जहां मनोरंजन आदि के लिहाज से किसी खेल का संचालन किया जाता है। मगर वहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरती जाती है, जिसका खमियाजा वहां आए बच्चों या लोगों को भुगतना पड़ता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब गुजरात के राजकोट में एक खेल परिसर में आग लगने से कम से कम तीस लोगों की जान चली गई थी। इस तरह के हादसों के उदाहरण होने के बावजूद व्यावसायिक परिसरों में बच्चों के लिए आयोजित गतिविधियों में हर स्तर पर जरूरी सावधानी क्यों नहीं बरती जाती है? वहां कारोबार या मनोरंजन गतिविधियों के मामले में सुरक्षा या व्यवस्था संबंधी मामलों की निगरानी और उसकी जांच किसकी जिम्मेदारी है? किसी बड़े हादसे के बाद सरकार और प्रशासन के बीच जैसी सक्रियता देखी जाती है।

## आस्था...

### 1 साल बाद बुध करेंगे सिंह राशि में प्रवेश, इन राशियों की पलटेगी किस्मत, करियर और कारोबार में मिलेगी सफलता

वैदिक पंचांग के मुताबिक बुध ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे 3 राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र मुताबिक ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करते हैं, जिसका असर मानव जीवन और देश- दुनिया पर सीधेतौर पर पड़ता है। साथ ही यह गोचर किसी व्यक्ति के लिए सकारात्मक साबित होता है, तो किसी के लिए नकारात्मक। आपको बता दें कि ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह जुलाई में सिंह राशि में गोचर करने जा रहे हैं, जिससे 3 राशि के जातकों को धनलाभ और व्यापार-करियर में उन्नति के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं 7 जुलाई से चमकेगी इन 3 राशि वालों की किस्मत, धन के दाता शुक्र ग्रह करेंगे कर्क राशि में प्रवेश सिंह राशि आप लोगों के लिए बुध ग्रह का गोचर लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि बुध ग्रह आपकी राशि से लग्न भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। साथ ही नौकरी पेशा जातक इस समय केवल अपने काम पर ध्यान केंद्रित करेंगे और करियर को आगे बढ़ाएंगे, जिससे आप काफी संतुष्ट रहेंगे। वहीं शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। साथ ही जीवनसाथी की तरक्की हो सकती है। वहीं इस समय आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ मिलेगा। साल बाद लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने से इन राशियों का चमकेगा भाग्य, शुक्र और बुध ग्रह की रहेगी असीम कृपा धनु राशि बुध ग्रह का राशि परिवर्तन धनु राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको किस्मत का साथ मिलेगा। साथ ही इस दौरान आपकी बुद्धि और कौशल का स्तर बढ़ेगा और आपको अतिरिक्त धन कमाने का अवसर मिलेगा। वहीं इस समय धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। वहीं आप काम- कारोबार के संबंध से यात्रा कर सकते हैं। पारिवारिक व वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा और आपके अधूरे कार्य पूरे होंगे। साथ ही इस दौरान व्यापार और नौकरी दोनों में लाभ के अवसर मिलेंगे। साथ ही आप आय के नए स्रोत प्राप्त करेंगे। 2025 तक इन राशियों पर गुरु बृहस्पति की रहेगी असीम कृपा, करियर में तरक्की के साथ मिलेगा अपार पैसा और पद- प्रतिष्ठा वृश्चिक राशि बुध ग्रह का गोचर आपको करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ साबित हो सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**
युगलों के बीच की गलतफहमियां अपने आप दूर होकर शांतिपूर्ण संबध लौटेंगे। आपके लिए लंबी यात्रा के योग हो सकते हैं। इस यात्रा से आपको कुछ समय के लिए अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। नए उपक्रम की योजना बना रहे व्यापारियों को चाहिए कि आज काम का शुभारंभ अवश्य करें और इस दिशा में फैसले की ओर कदम उठाये। जमीन-जायदाद के जुड़े कारोबारियों के लिए आज दिन अनुकूल रहेगा। आज काम की बहुत व्यस्तता रहेगी। समझदारी पूर्ण व्यवहार से शिक्षक विद्यार्थियों की समस्याओं का हल निकाल लेंगे।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**
विवाहित युगल आज अत्यधिक सामीप्य का अनुभव करेंगे और प्रेम और सद्भावनापूर्ण संबंधों का आनंद लेंगे खोजकताओं का एक समूह आपको उनकी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकता है। यह आपके लिए किसी सपने के पुरे होने जैसा होगा। आप हमेशा से ही पर्यटन के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक रहे है। खाद्य सामग्री के व्यवसाय में रत उद्योजक आज परियोजना की शुरूआत कर लें या किसी नए संस्थान का अधिग्रहण कर लें, इससे बाजार में उनकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े व्यवसायी आज आराम कर सकते हैं।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**
मिथुन: अविवाहित व्यक्तियों को चाहिए कि अपने मित्रों को पार्टियों और समारोहों में हिस्सा लें, जिससे संभावित प्रेमी से भेंट हो सके। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे हैं तो आज दिन अच्छा है। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे।जिससे संभावित प्रेमी से भेंट हो सके। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे ह राजनेताओं को आज पार्टी सदस्यों के आवश्यक और जरुरी समस्याओं के समाधान के लिए बुलावा आ सकता है। आज आप अच्छी सेहत का मजा लेंगे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**
कर्क:आज कामकाज के संबंध में किसी से भेट हो सकती है जिससे मिलकर आप उसकी ओर आकर्षित हो सकते हैं। परिवार के वयस्क आज बहुत ऊजार्वान महसूस करेंगे। वे दूसरे सदस्यों के साथ भी मिलजुल कर आनंद मग्न रहेंगे। घर में छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं जिसके कारण आपको पहले से तय कोई सैर या घुमने जाने की योजना रद्द करनी पड़ सकती हैं। बेरोजगार आज कुछ नए लोगों से मिलेंगे जो उनकी नियुक्ति में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। वकीलों को आज किसी बड़े संस्थान की ओर से वैधानिक सलाहकार के पद के लिए निमंत्रित किया।

**सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**
सिंह:वयस्कों के अनुभव और मार्गदर्शन से घर के सभी सदस्यों को लाभ होगा। बच्चों को अपने बुजुर्गों से व्यवहार करते समय मयार्दा में रहना चाहिए। उनका बचपना वयस्कों को दुखी कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। वे बौद्धिक विषयों पर दोस्तों के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। जो लोग एक समूह में पढ़ते हैं, उन्हें बहुत फायदा होगा। बच्चों को बाहर सैर के लिए ले जाते समय शिक्षकों को सावधान रहने होगा। छुटपुट दुर्घटनाएं हो सकती हैं। वे सदैव इसके लिए तैयार रहें। आपका शारीरिक स्वास्थ्य आपकी मानसिक सेहत पर निर्भर करता है। चूँकि आप आज बेहद प्रसन्न रहेंगे तो स्वाभाविक तौर पर खुद को स्वस्थ अनुभव करेंगे।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**
कन्या:अविवाहितों के पालक उनके लिए योग्य सम्बंध के लिए प्रयत्न करेंगे। कोई अप्रत्याशित व्यावसायिक यात्रा आपके कार्यक्रम को उथल पुथल कर सकती है। लेकिन इस यात्रा के परिणाम आपके लिए फायदेमंद होंगे। अपने मकान निर्माण की योजना बना रहे लोगों के लिए आज शुभ दिन होगा। शेयर बाजार के मधास्था और प्रतिस्पर्धियों को आज अत्यधिक उतार चढाव के प्रति जागरूक रहना होगा। विशेष कर तब जब वे किसी ग्राहक की रकम का निवेश कर रहे हों। राजनेता आम जनता और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के बीच बहुत लोकप्रिय होंगे। किसी भी व्यापार या उद्योग में निवेश करने से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह ले लेना अच्छा होता है।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**
तुला:आज किसी प्रियजन के बारे में दुखद समाचार सुनने मिल सकता हैं, आपकी उपस्थिति और सहायता से उन्हें बहुत सांत्वना मिलेगी यदि आप अविवाहित है तो आज किसी भी नए व्यक्ति से मिलते समय सावधान रहें। धन रखें की हर चमकती सोना नहीं होती। आज आप अपनी यात्रा के दौरान किसी न्हें बहुत सांत्वना मिलेगी यदि आप अविवाहित है तो आज किसी भी नए व्यक्ति से मिलते समय सावधान रहअविस्मरणीय व्यक्ति से मिल सकते हैं। अच्छे और नए काम की तलाश कर रहे डॉक्टरों को आज उच्चादिकारियों की ओर से सुरक्षित सेवा के लिए बुलाया जा सकता है।


**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**
वृश्चिक: आपकी सकारात्मक सोच पुरस्कृत होगी, क्योंकि आप अपनी कोशिशों में कामयाबी पा सकते हैं। यदि शादीशुदा हैं तो आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। आपको अपने घर के माहौल में कुछ सकारात्मक बदलाव करने पड़ेंगे। प्रेम के दृष्टिकोण से आपके लिए यह दिन विशेष रहने वाला है। यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**
धनु: आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। खर्चों पर काबू रखने की कोशिश करें और सिर्फ जरूरी चीजें ही खरीदें। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। आज आप ऐसे इंसान से मिल सकते हैं, जो आपको खुद अपनी जिन्दगी से ज्यादा चाहता होगा। चीजों के होने का इंतजार मत कीजिए- बाहर निकलें और नए मौकों की तलाश करें। ऑफिस से जल्दी घर जाने का प्लान आज आप ऑफिस पहुंचकर ही कर सकते हैं।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**
मकर:एकाकी जन आज किसी से मिलेंगे जो उनके जीवन में नए सकारात्मक बदलाव लाएगा। छात्रों के लिए आज अनुकूल दिन नहीं हैं। वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं। आज खिलाड़ियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार मिलने की संभावना बताई जाती है। उन्हें आज जीवनगौरव पुरस्कार भी मिल सकता है। कलात्मक अभिरुचि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत उच्च-नीच और उद्विग्नता का हो सकता है। उन्हें चाहिए कि आत्मविश्वास को कम ना होने दें और काम करते रहें। सफलता अवश्य मिलेगी। दीर्घ बीमारियों से पीड़ित आज निकट सम्बंधियों की प्यार और देखरेख के कारण बहुत राहत और आराम का अनुभव करेंगे।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**
कुंभ:अविवाहितों को किसी अनापेक्षित मार्ग से आज विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बाहर मनोरंजन हेतु जाने का कार्यक्रम किसी अनापेक्षित कारण से स्थगित करना पड़ेगा, जिससे सभी को निराशा होगी। शिक्षकों के लिए आज शिक्षा के सन्दर्भ में चुनौती भरा दिन होगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान से उनके अध्यापन कौशल्य की परीक्षा होगी। खिलाड़ी आज बहुत गतिशील रहेंगे। किसी भी दुस्साहसपूर्ण काम के लिए स्वयं को स्फूर्त और उत्साहित महसूस करेंगे। नए कलातंत्र और नयी कल्पनाओं पर परिक्षण कर रहे कलाकारों को लगेगा जैसे वे शुन्य में हैं और उनके काम और कला निरर्थक है।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**
मीन:अविवाहित जन आज किसी आकर्षक व्यक्ति से मिल सकते हैं, पर उन्हें सलाह है कि कोई भी प्रतिबद्धता या समर्पण व्यक्त करने से पहले अच्छी तरह सोच समझ लें। आज बाजार का उतार चढ़ाव निवेशकों को अनापेक्षित मुनाफा दिलाएगा। वे वास्तव में बहुत बड़ा लाभ पा सकते हैं यदि सोच समझ कर निवेश करें। व्यवहार-कुशल राजनेता आज अपने कार्यक्षेत्र में उभर कर आयेंगे। वे अपने कामकाज को आगे बढ़ाकर अपनी पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगे। व्यवसायिक खिलाड़ी आज कुछ कर दिखाने की महत्त्वाकांक्षा से ओतप्रोत होंगे।



# यदि चली गई है आपकी नौकरी...

अपने करियर में एक प्रोफेशनल के लिए सबसे कठिन समय रहता है जब उसकी नौकरी चली जाए, विशेष रूप से तब जब उसे इस बात की आशा नहीं थी। लेकिन किसी भी कारणवश अगर ऐसा होता है तो आपको कुछ चीजें आवश्यक रूप से करना चाहिए

- आपको सबसे पहले अपने इमोशंस पर ध्यान देना होगा। पहले इस बात को समझें कि किस तरह की भावनाएं आपके जेहन में आ रही है। इसके बाद आप यह पता करें कि इन भावनाओं के साथ क्या किया जाना चाहिए और इसे प्रोडक्टिव तरीके से रिस्पॉन्ड करें। अगर आपने अपनी भावनाओं को समझते हुए इसे नियंत्रित नहीं किया तो यह आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।
- आठ घंटे की नींद लें, जल्दी उठें, एक्सरसाइज करें, शॉवर लें, अच्छे से तैयार हो जाएं, घर से बाहर निकले आपको ऐसे कठिन समय में भी चीजों को सामान्य रखना जरूरी है। खुद को व्यस्त और सक्रिय रखें। आप घर में बैठकर केवल रोते नहीं रह सकते।
- अपने गुस्से को शांत करें। हो सकता है आपको अपनी पुरानी नौकरी में साथ काम करने वालों को लेकर आक्रोश हो। उन्होंने आपके साथ गलत किया हो। लेकिन याद रखें कि वे भी केवल सरवाइव करने की कोशिश कर रहे है। अपने पुराने बॉस और सहकर्मियों की अच्छी क्वॉलिटीज की सूची बनाइए। इससे आपको पुरानी बातों से निकलने में आसानी होगी।
- जिन लोगों से आप सालों से नहीं मिले हो, उनसे मिलने की योजना बनाइए। इससे आपका नेटवर्क भी बनेगा और उन्हें पता रहेगा कि आप नए जॉब की तलाश कर रहे हैं।
- जब भी नौकरी हाथ से जाती है तो कहीं न कहीं आपके आत्मविश्वास का डगमगाना नैचुरल है। लेकिन यह बात जरा न भूलें कि जब आप काम कर रहे थे तो आपने अच्छा काम किया और कंपनी की ग्रोथ में योगदान दिया। अपनी मुख्य उपलब्धियों की सूची बनाइए जो कि आगे आपको मार्केट कर सके।
- आप निकाले गए हैं या आपने एकदम नौकरी छोड़ने का फैसला किया है तो आपके लिए यह आर्थिक रूप से भी बड़ी परेशानी खड़ी करता है। एक दिन निकाले और अपना नया बजट तैयार करे। आपको अभी नहीं पता होगा कि कब आपकी दूसरी नौकरी लगेगी और कब स्थायी आय शुरु होगी। आपको अपने खर्चे को लेकर सजग रहना होगा।



# साइंस की एक बड़ी शाखा है जल विज्ञान

**वॉटर साइंस यानी जल विज्ञान अपने आपमें साइंस की एक बड़ी शाखा है। इसमें न सिर्फ वॉटर साइकिल को स्टडी किया जाता है, बल्कि रिसर्च करके अलग-अलग जगहों पर पानी से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करने के विकल्प तलाशे जाते हैं।**

आज दुनिया का शायद ही ऐसा कोई देश हो, जो पानी से जुड़ी किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ऐसे में एक वॉटर साइंटिस्ट के लिए हर जगह संभावनाएं हैं। यह एक ऐसी फील्ड है, जो आपके करियर में चार चांद लगा सकती है।

## क्या है वॉटर साइंस

वॉटर साइंस पानी की जमीन और भूमिगत प्रॉसेस से रिलेटेड साइंस है। इसमें धरती पर मौजूद पहाड़ों और मिनरल्स के साथ पानी की फिजिकल, केमिकल और बायोलॉजिकल प्रॉसेस और लिविंग ऑर्गेनिजम्स के साथ इसकी एनालिसिस शामिल है। वॉटर साइंस की स्टडी करने वाले एक्सपर्ट्स ही वॉटर साइंटिस्ट कहलाते हैं। वॉटर साइंस की फील्ड में हाइड्रोमिटिरोलॉजी, भूतल, वॉटर साइंस, हाइड्रोजिओलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट और जल गुणवत्ता से जुड़े सब्जेक्ट्स आते हैं। इसकी कई ब्रांचेज हैं, जैसे– केमिकल वॉटर साइंस, इकोलॉजिकल वॉटर साइंस, हाइड्रोइन्फॉरमैटिक्स वॉटर साइंस।

## क्या हैं फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स?

वॉटर साइंटिस्ट बनकर आप विभिन्न प्रकार के ऑर्गेनाइजेशन्स के लिए काम करके अच्छी सैलेरी पा सकते हैं। सरकारी व गैर–सरकारी संस्थाओं में वॉटर साइंटिस्ट को अच्छे पैकेज पर एपॉइंट किया जाता है। इसके अलावा आप काउंसलर के रूप में भी काम कर सकते हैं। जैसे– सिविल इंजीनियरिंग, एनवायरमेंटल मैनेजमेंट और इवैल्युएशन में सेवाएं उपलब्ध कराना। इसके अलावा आप नई एनालिटकल टेक्नीक्स के जरिए टीचिंग और रिसर्च भी कर सकते हैं। यूटिलिटी कंपनियां और सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ जुड़कर जलापूर्ति और सीवरेज सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स?


वॉटर रिसोर्सेज डेवेलपमेंट और मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आपमें पेशेंस, डिटरमिनेशन, विस्तृत और अच्छी एनालिसिस करने की एबिलिटी होनी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टीम वर्क की भावना और एफेक्टिव कम्युनिकेशन इस फील्ड में बने रहने के लिए जरूरी है।

## कौन से कोर्सेज हैं जरूरी?

देशभर की कई यूनिवर्सिटीज वॉटर साइंस और वॉटर रिसोर्सेज जैसे सब्जेक्ट्स में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कराती हैं। वॉटर साइंस में करियर बनाने के लिए आप इस सब्जेक्ट से बीएससी करने के बाद एमएससी और फिर पीएचडी या एमफिल कर सकते हैं।

### कैसा है रेम्युनेरेशन?

अपने करियर की शुरुआत में आप 18–20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। इस फील्ड में एक्सपीरियंस काफी मायने रखता है।



# खुद के लिए समय निकालें

**क्या आप उन लोगों में से हैं जिनके पास घर, काम, अपने समुदाय की तरह-तरह की जिम्मेदारियों की अच्छी खासी सूची है और आप इसे संतुलित करने की कोशिश में लगे रहते हैं। आपका यह इरादा प्रशंसनीय है कि आप एक साथ कई जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। लेकिन आपको एक अलग अप्रोच के लिए काम करने का तरीका अपनाना चाहिए। यहां कुछ टिप्स दिए जा रहे है जो कि आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं**

- आपको उन चीजों पर ज्यादा फोकस करना चाहिए जो आपके लिए ज्यादा मायने रखते हों। अगर आप चीजों को आसान बनाना चाहते हैं तो आपके पास एक सिंगल टास्क लिस्ट होनी चाहिए। आपको आपके कैलेंडर में सारी चीजें फीड करना चाहिए और उन्हें प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करते रहना चाहिए। इस तरह आपका ध्यान फोकस रहेगा और आप काम में भटकेंगे नहीं। इसका एक कारण यह भी है कि प्राथमिकता तय करने से आप महत्वपूर्ण काम को पहले कम पाएंगे जिससे आप रिलेक्स भी रहेंगे।
- अगर आप सामान्य से कुछ घंटे पहले नींद से उठने की आदत डालेंगे तो आपको पूरे दिन रिलेक्स महसूस होगा। आप एक्सरसाइज कर सकते हैं, पढ़ सकते हैं और शांति से दो पल बैठ सकते हैं। साथ ही जल्दी उठने के हेल्थ बेनिफिट्स भी आपको मिलेंगे। जल्दी उठने वाले प्रोएक्टिव, चीयरफुल और डिप्रेशन से कोसों दूर रहते हैं।
- आपने अपना सौ प्रतिशत दिया लेकिन आप जिस तरह का रिजल्ट चाहते थे, नहीं आ पाया। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है। अब लोग उसे लेकर ही चिंतन–मनन में लगे रहते हैं और अपनी प्रोडक्टिविटी प्रभावित करते हैं। आप अपने साथ ईमानदार रहें और चीजों में सौ प्रतिशत देने के बाद उसके परिणाम को लेकर आसक्त न रहें।
- आपके पास पहले से ही खूब काम है और ऊपर से आप ने बेमतलब की जिम्मेदारी और लेकर अपना बर्डन बढ़ा लिया। अगर आप किसी भी काम में ना करने से हिचकिचाते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको अपने रूटीन में थोड़ा पर्सनल टाइम चाहिए होता है और उसमें भी आपने कुछ ऐसे टास्क ले लिए तो आपके हाथ निराशा ही हाथ लगेगी। मी टाइम लेकर अपराधबोध मत रखिए। यह आपके लिए बहुत जरूरी है।




# लिंग्विस्ट के फील्ड में अवसरों की कमी नहीं

**इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स हों या हाई प्रोफाइल विदेशी हस्तियों की यात्रा, ऐसे इवेंट्स को सफल बनाने में एक लिंग्विस्ट की बड़ी भूमिका होती है। लिंग्विस्ट यानी वह लैंग्वेज प्रोफेशनल, जिसकी एक से ज्यादा भाषाओं पर मजबूत पकड़ हो। अगर आपको भी नई भाषाएं सीखने और उनमें निपुणता हासिल करने में दिलचस्पी है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन लिंग्विस्ट।**

भाषा के क्षेत्र में करियर जितना अलग है, उतना ही रोचक भी। एक से ज्यादा भाषाओं की जानकारी आपको न सिर्फ दूसरे देशों और संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि कई फील्ड्स में करियर के रास्ते भी खोलती है। आज भाषाओं के क्षेत्र में बेहतरीन प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। हॉस्पिटल्स हों या बैंक्स, जांच एजेंसियां हों या पब्लिशिंग हाउसेज, हर उद्योग में लिंग्विस्ट के लिए काफी स्कोप है। अगर आपको भी भाषाओं में दिलचस्पी है, तो आप लिंग्विस्टिक्स में बना सकते हैं शानदार करियर।

लिंग्विस्टिक्स भाषा की वैज्ञानिक स्टडी है। इसमें किसी भाषा विशेष की बनावट और उसके विकास के साथ–साथ दूसरी भाषाओं के साथ उसके संबंध के बारे में भी पढ़ाया जाता है। इसमें भाषा के हर पहलू को कवर किया जाता है। इस विषय के विद्यार्थी के पास भाषा की उत्पत्ति से लेकर उसके विकास तक की जानकारी होती है।

## कौन–से कोर्स?

आप किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन करने के बाद लिंग्विस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। हालांकि ज्यादा अच्छे रेम्युनरेशन के लिए इस फील्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना ज्यादा फायदेमंद होगा। सरकारी सेवाओं में भी लिंग्विस्टिक्स में एमफिल या पीएचडी जैसी डिग्री को प्राथमिकता दी जाती है।

## लिंग्विस्टिक्स में पढ़ाई करने के बाद करियर ऑप्शन होते हैं

### लिंग्विस्ट

आप भाषा की उत्पत्ति और विकास में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं और रिसर्च करके स्पीच रिकग्निशन में काम कर सकते हैं।

### टीचर

आप किसी भी भाषा विशेष का अध्यापन कर सकते हैं। इस तरह के टीचर्स की कई विश्वविद्यालयों में काफी मांग है।

### ट्रांसलेटर

इस जॉब में आपको किताबों, स्क्रिप्ट्स और लेखों का दूसरी भाषा में अनुवाद करना होता है।

### इंटरप्रिटर

इंटरप्रिटर के तौर पर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स या सरकारी अधिकारियों के साथ दूसरे देशों की यात्राओं पर जाने का मौका मिलता है। यहां आप दो लोगों को संवाद करने में मदद करते हैं।

यह बहुत ही टफ जॉब है क्योंकि आपको इस बात का ध्यान रखना होता है कि मूल वाक्य का अर्थ आपके इंटरप्रिटेशन में बदल न जाए। साथ ही, वाक्य बोले जाने के बाद आपको उसका अनुवाद सोचने के लिए न के बराबर समय मिलता है।

### संभावनाएं

इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप हॉस्पिटल्स में बतौर स्पीच थैरेपिस्ट, बैंक्स में बतौर लैंग्वेज इनपुट ऑफिसर, पब्लिशिंग हाउसेज में बतौर ट्रांसलेटर और लेक्सिकोग्राफर, पीआर इंडस्ट्री, ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री, आईटी इंडस्ट्री में वॉइस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर डेवलपर, मिलेट्री, इंटेलिजेंस और फॉरेन सर्विसेज में काम करके बेहतरीन करियर बना सकते हैं।



# कम प्रतिस्पर्धा के साथ पा सकते हैं ये सरकारी नौकरी

**हर साल कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए एसएससी सीजीएल एग्जाम का आयोजन करता है। इस परीक्षा के जरिये जिन पदों पर नियुक्ति होती है, उनमें से एक है स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर (ग्रेड-2)। एसएससी की परीक्षा के माध्यम से मिलने वाले सबसे आकर्षक जॉब्स में से यह एक है। इसके बावजूद इस जॉब प्रोफाइल के बारे में युवाओं को अधिक जानकारी नहीं है। तो चलिए, जानते हैं इसी जॉब प्रोफाइल के बारे में।**

एसएससी सीजीएल एग्जाम के माध्यम से स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर (ग्रेड–2) के लिए चयनित होने वाले उम्मीदवारों को ग्रुप बी (सेंट्रल सिविल सर्विस, नॉन–गजेटेड, नॉनमिनिस्टेरियल) में जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर (जेएसओ) के पद पर नियुक्ति दी जाती है। वे सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सबऑर्डिनेट स्टैटिस्टिकल सर्विस (एसएसएस) कैडर का हिस्सा होते हैं।

## वेतन–भत्ते

जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर पे–बैंड 2 के अंतर्गत आते हैं। इनका वेतनमान 9300–34800 तथा ग्रेड पे 4200 होता है। जेएसओ का आरंभिक वेतन लगभग 30,000 रुपए प्रति माह होता है।

## पोस्टिंग

स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर (ग्रेड–2) अखिल भारतीय स्तर का पद है। इस पद पर नियुक्त होने वाले अधिकारियों की पदस्थापना देश के किसी भी स्थान पर की जा सकती है। जेएसओ के रूप में चयनित होने वाले 80 प्रतिशत उम्मीदवारों की नियुक्ति नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) के माध्यम से की जाती है। शेष की नियुक्ति केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में की जाती है। काम की प्रकृति जेएसओ को क्या काम करना होता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसकी नियुक्ति कहां की गई है। एनएसएसओ में नियुक्त स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर को मुख्य रूप से दो तरह के काम करने होते हैं –

**डाटा कलेक्शन** – यह मूलतः एक फील्ड जॉब है। यह काम एनएसएसओ के फील्ड ऑपरेशंस डिविजन (एफओडी) के तहत होता है। इसमें विभिन्ना सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, सामाजिक–आर्थिक कारकों, शहरी सर्वे और मूल्य सूचकांकों के लिए सर्वे तथा डाटा संग्रहण अभियान संचालित करने होते हैं।

**डाटा प्रोसेसिंग** – जिन ऑफिसर्स की नियुक्ति एफओडी में नहीं होती, वे डेस्क जॉब करते हैं। वे विभिन्ना मंत्रालयों, विभागों, संस्थानों के लिए विस्तृत डाटा रिपोर्ट तैयार करते हैं। इनके द्वारा संकलित किया गया डाटा ही भारत सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के निर्धारण का आधार बनता है। इसके अलावा, जो ऑफिसर मंत्रालयों, विभागों या संस्थानों में नियुक्त होते हैं, उनकी जॉब प्रोफाइल क्लेरिकल होती है। वे दस्तावेजों की ड्राफ्टिंग, सर्वे रिपोर्ट की रिक्वायरमेंट तैयार करने, डाटा एंट्री, टेब्यूलेशन, डाटा को संपादित व संकलित कर रिपोर्ट बनाने आदि का काम करते हैं।

### संस्थागत ढांचा व प्रमोशन

जेएसओ सबऑर्डिनेट स्टैटिस्टिकल सर्विस (एसएसएस) में जूनियर ऑफिसर्स के लिए एंट्री–लेवल पद है। यहां की प्रमोशन संबंधी नीति वरिष्ठता और अनुभव पर आधारित होती है। जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर लगभग 5 से 8 साल बाद प्रमोशन पाकर सीनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर (ग्रुप–बी, गजेटेड) पद पर आ जाते हैं। इस लाइन में विभिन्न पद क्रमवार इस प्रकार होते हैं:- जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर, सीनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर, असिस्टेंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, जॉइंट डायरेक्टर, डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, एडिशनल डायरेक्टर जनरल, डायरेक्टर जनरल। स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर पद के लिए प्रतिस्पर्धा कम होती है और चयनित होने की संभावना अधिक। इसलिए आप इस पद का लक्ष्य साधकर सीजीएल एग्जाम में बैठ बेहतर करियर निर्माण के बारे में सोच सकते हैं। इसमें खास आकर्षण यह है कि यह केंद्र सरकार की नौकरी है और पहले ही प्रमोशन के बाद आप गजेटेड ऑफिसर बन जाते हैं।

# पिचियाक गांव में ग्रामीणों की जनसभा आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग

## रेली निकाल कर उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

♦भारत टाइम्स♦





**बिलाड़ा।** पिचियाक गांव में गजानंदजी महाराज मंदिर परिसर में सिरवी व अन्य समाज, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में वक्ताओं ने आरोपीयों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की, अगर आरोपियों के शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।सीरवी नवयुवक परगना समिति के अध्यक्ष अशोक परिहार की अध्यक्षता में गजानंद जी महाराज मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समाज के प्रतिनिधि व हिंदू संगठनों के पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक शुरू होते ही धीरे-धीरे लोगों का हुजूम उमड़ने लगा और मंदिर परिसर लोगों से पूरा भर गया और आधे से ज्यादा लोग सड़कों पर नजर आए भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और मौके पर पहुंच कर गतिविधियों के बारे में नजर रखी।अध्यक्षता करते हुए अशोक परिहार ने कहा कि एक विशेष समुदाय द्वारा खेतों में अनाधिकृत प्रवेश कर नुकसान पहुंचाने और मारपीट कर धमकियां देने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए अगर करवाई नहीं हुई तो जनता आंदोलन करेगी। कृषि मंडी के अध्यक्ष तरुण मुलेवा ने कहा कि ऐसे आरोपियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई होनी चाहिए और प्रशासन इसमें ढिलाई नहीं बरते। जुगल महेश्वरी ने कहा आज जगह-जगह पर इन लोगों की दादागिरी से आमजन को खतरा पैदा होना लगा है। और लोगों का जीना मुश्किल हो गया है प्रशासन इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। नगर पालिका अध्यक्ष रूप सिंह परिहार ने कहा कि आज खेतों में जबरदस्ती घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं और खेत मालिक को मारपीट कर धमकियां देते हैं ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दुर्गा राम देवासी, रामजस आचार्य, माधुराम सीरवी सरपंच, सुखदेव देवासी, राजेंद्र पटेल, देवी सिंह, माधव सिंह राठौड़, तरूण मुलेवा, शैतान सिंह, शेषाराम राठौड़ सहित वक्ताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि अगर इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।बैठक समाप्त होने के बाद लोगों ने मंदिर परिसर से नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली उपखंड कार्यालय पहुंची। वहां पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक बंदोबस्त किए, उपखंड कार्यालय परिसर में लोगों ने जमकर नारेबाजी की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के नारे लगाए बाद में उपखंड अधिकारी मृदुला शेखावत को ज्ञापन सोपा और कहा कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करे, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो जनता आंदोलन पर उतर जाएगा इस मौके पर डिप्टी गोमाराम ने कहा कि आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, प्रशासन के आश्वासन के बाद लोग वहां से निकले।

## स्कूल में आयोजित किया गया



♦भारत टाइम्स♦

**भरतसिंह,आर,ठाकोर अरवली। गुजरात।** 21वां 'स्कूल प्रवेश उत्सव-कन्या केलवणी महोत्सव 2024 दूसरे दिन श्री खुर्शीद अहमद एडीजीपी की अध्यक्षता में भिलोड़ा तालुका के हिम्मतपुर प्राइमरी स्कूल में आयोजित किया गया। शिक्षा के साथ सशक्त होना और जीवन में हर चुनौती का सामना करने के लिए अच्छी और संपूर्ण शिक्षा आवश्यक हैः श्री खुर्शीद अहमद एडीजीपी अरावली जिले के भिलोडा तालुका के हिम्मतपुर प्राइमरी स्कूल में 21वें 'स्कूल प्रवेशोत्सव-बालिका शिक्षा महोत्सव 2024' के दूसरे दिन स्कूल प्रवेशोत्सव समारोह एंगेजिंग एजुकेशन...थीम के साथ भुलकाओं को बालवाटिका में प्रवेश दिया गया आंगनवाड़ी, प्राइमरी स्कूल। श्री खुर्शीद अहमद एडीजीपी स्कूल प्रवेश उत्सव-बालिका महोत्सव में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए अपनी मां और पिता से महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिलता है और उनके माध्यम से छोटे बच्चे एक नई दिशा तय करते हैं। स्कूल के शिक्षकों की ज़िम्मेदारी जीवन का पाठ सीखना और किसी भी चुनौती से कैसे उबरना है, सफलता की कुंजी उन शिक्षकों पर है जो बच्चों को ज्ञान देते हैं और आशा बहनों और आंगनबाड़ियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और उन्हें सफल बनाना चाहिए सुरक्षित गांव बनाने की दिशा में प्रयास। श्री खुर्शीद अहमद एडीजीपी के सुझाव पर अरावली सूचना विभाग ने भी महिलाओं को गुजरात राज्य सरकार की बेटियों और महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया साथ ही महिलाओं के लिए योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही आंगनवाड़ी, बालवाटिका के भूलकों को स्कूल में प्रवेश दिलाकर शैक्षिक किट, वर्दी और दफ्तर उपहार में दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जिले के अधिकारी और निर्वाचित जन प्रतिनिधि, स्कूल के प्राचार्य-शिक्षक, ग्रामीण और स्कूल अधिकारी उपस्थित थे।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने डीआरएम व रेल अधिकारियों संग



## कीड़िहरापुर-बेलथरारोड रेलवे स्टेशनों, के दोहरीकरण का किया गहन निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦



**(शीतल निर्भीक) वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के भटनी-औंड़िहार खंड में कीड़िहरापुर-बेलथरारोड स्टेशनों के बीच 14.17 किमी की विद्युतीकृत लाइनों के दोहरीकरण कार्य पूरा होने के बाद, रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) उत्तर? पूर्वी सर्किल, प्रणजीव सक्सेना ने आज इस खंड का संरक्षा निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)अभय कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सक्सेना ने कीड़िहरापुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न महत्वपूर्ण उपकरणों और सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिनमें केंद्रीयकृत वी डी यू स्टेशन पैनल, रिलेरूम, इंटिग्रेटेड पावर सप्लाई यूनिट रूम, और बैटरी कक्ष शामिल थे। इसके पश्चात, उन्होंने मोटर ट्राली से कीड़िहरापुर-गोविंदपुर दुगौली (हॉल्ट)-बेलथरा रोड रेल खंड का निरीक्षण किया, जिसमें समपार फाटकों, ट्रैक्शन पोलों, सिगनलों, ओवर हेड ट्रैक्शन, और पुल-पुलियाओं का परीक्षण शामिल था। निरीक्षण के क्रम में सक्सेना ने गेट मैनों से संरक्षा संबंधित प्रश्न पूछे और पाए गए कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने गोविंदपुर दुगौली हॉल्ट स्टेशन पर प्लेटफार्म क्लियरेंस, सिगनल संस्थापन, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, और नई लाइन के संस्थापन की भी जाँच की। इसके बाद, बेलथरा रोड रेलवे यार्ड के कट कनेक्शन और स्विच एक्सटेंशन जॉइंट का निरीक्षण किया। पूर्वोत्तर रेलवे की भटनी-औंड़िहार खंड दोहरीकरण परियोजना की अनुमानित लागत 1177.96 करोड़ रुपये है, जिसका निर्माण कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड (फश्ठछ) द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना मौजूदा मुख्य ट्रैक के किनारे बिछाई जा रही है और 5.3 मीटर की केंद्र-से-केंद्र दूरी पर स्थापित की गई है। यह लाइन बेल्थारारोड से कीड़िहरापुर स्टेशनों के बीच बिछाई गई है इसे डीएन मेन लाइन और यूपी मेन लाइन के रूप में नामित किया जाएगा। बेल्थरा रोड-कीड़िहरापुर रेल खंड पर बेल्थरा रोड, गोविंदपुर दुगौली (हॉल्ट), और कीड़िहरापुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि वाराणसी मंडल के भटनी-औंड़िहार(116.95 किमी) रेल खंड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत कीड़िहरापुर-बेलथरा रोड स्टेशनों के मध्य (14.17 किमी) विद्युतीकृत लाइनों के साथ दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त उत्तरपूर्वी सर्किल श्री प्रणजीव सक्सेना द्वारा इस खण्ड का संरक्षा निरीक्षण गुरुवार 27 जून 2024 किया गया । निरीक्षण के अन्त में रेल संरक्षा आयुक्त ने अपनी उफर स्पेशल ट्रेन से बेलथरारोड से कीड़िहरापुर तक का स्पीड ट्रायल 120 किमी/घंटे कीरफ्तार से सफलतापूर्वक पूरा किया।

# जोधपुर–साबरमती–जोधपुर व रणकपुर एक्सप्रेस का संचालन बहाल

- अजमेर मंडल के नाना–केशवगंज रेलवे स्टेशनों पर तकनीकी कार्यों के कारण आंशिक रद्द और रेगुलेट की गई ट्रेनों का शुक्रवार को संचालन बहाल कर दिया गया है।

**जोधपुर।** अजमेर मंडल के नाना-केशवगंज रेलवे स्टेशनों पर तकनीकी कार्यों के कारण आंशिक रद्द और रेगुलेट की गई ट्रेनों का शुक्रवार को संचालन बहाल कर दिया गया है। रेलखंड में बारिश के कारण तकनीकी कार्य टाल दिया गया है। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार को बारिश के कारण नाना-केशवगंज स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स डालने हेतु शुक्रवार को आंशिक रद्द और रेगुलेट रेल सेवाओं को बहाल किया जा रहा है। इसके तहत ट्रेन 14821/14822,जोधपुर-साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेनें जो 28 जून को मारवाड़ जंक्शन से आबू रोड स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द की गई थी,को बहाल कर दिया गया है। जबकि ट्रेन 14707,लालगढ़-दादर रणकपुर एक्सप्रेस जो शुक्रवार को मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के मध्य डेढ़ घंटे रेगुलेट की गई थी वह अपने निर्धारित समयानुसार(बिना रेगुलेट) संचालित की जाएगी।

# मोडासा तालुका के शामपुर गाँव में बालिका शिक्षा उत्सव और स्कूल प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया



**भरतसिंह,आर,ठाकोर अरवली। गुजरात।** पटागन में शामपुर प्राइमरी स्कूल नंबर 1 के स्कूली बच्चे,आगनवाड़ी के बच्चे और बालवाटीका के बच्चे और श्रीमती एस.एम.पटांगण में चौहान विद्यालय के स्कूली बच्चों, शामपुर प्राथमिक विद्यालय क्रमांकः2 के बच्चों और ओगनवाड़ी के बच्चों को अलग-अलग समय में शाला प्रवेश उत्सव में कक्षा 1 के बच्चों को बैग और शैक्षिक किट दिए गए। लड़कियों की शिक्षा को प्रेरित करने के लिए कक्षा 9 की लड़कियों को निजानंद एजुकेशन ट्रस्ट से पाठ्यपुस्तकों, लेखन पैड के साथ प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर गांधीनगर से माननीय राज्य परियोजना निदेशक श्री (एस. एस. ए.) शिक्षा विभाग, गुजरात राज्य डॉ. आरएच गढ़वी चारण जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी श्री दवे साहब, बीआरसी समन्वयक श्री, तालुका प्राथमिक शिक्षा अधिकारी श्री, सीआरसी समन्वयक साकरिया उपस्थित थे। इस अवसर पर दानदाताओं का सम्मान भी किया गया कार्यक्रम के अंत में स्कूल नंबर 1 के आचार्य अरविंदभाई सुतारिया और श्रीमती एसएम चौहान विद्यालय के शिक्षक श्री रमनभाई ने धन्यवाद दिया।

# ईजी परफ्यूम्स का ट्रैवल–साइज वेरिएंट लॉन्च

- सफर के दौरान इत्र के शौकीनों के लिए इस्तेमाल होने वाला फ्रेगरेंस
- सवाई फ्रेगरेंस के घराने से ईजी परफ्यूम ने अपने परफ्यूम लाइन के तहत 18 वेरिएंट लॉन्च की है।

♦भारत टाइम्स♦




**मुंबई।** सवाई फ्रेगरेंस के घराने से ईजी परफ्यूम ने अपने परफ्यूम लाइन के तहत 18ह्म वेरिएंट लॉन्च की है। खुशबू के तत्वों के साथ अपनी विशेषज्ञता के लिए मशहूर, इस ब्रांड ने इन कॉम्पैक्ट परफ्यूम्स को मार्च 2023 के डेब्यू कलेक्शन के विस्तार के रूप में पेश किया है, जो आधुनिकता के साथ ही यात्रा-प्रिय ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है, जो हमेशा से बहुमुखी प्रतिभा और विलासिता की सराहना करते रहे हैं। यह ब्रांड वैश्विक स्तर पर एसेंशियल ऑइल्स (कई महत्वपूर्ण तेल) और फ्रेग्रेंस का निर्माण, निर्यात करने में मशहूर है। ईजी जो इग्बो शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'राजा' यह राजसी और लालित्य का प्रतीक है। इसकी जीवंत, बेलनाकार डिजाइन वाली बोतलों में भी यह गुण दिखाई देता है, जो कांच के बेस और स्लीक क्लिक-ऑन कैप से बना है। नए 18ml वेरिएंट्स, परफ्यूम के शौकीनों के लिए यात्रा के अनुकूल समाधान पेश करते हैं, जहां भी ये जाते हैं, कई तरह की खुशबू भी साथ ले जाना पसंद करते हैं। पुरुषों के लिए खट्टे (citrusy), ताजे और वुडी परफ्यूम (एलेशन, सर्ज, नोमैड), महिलाओं के लिए फ्लोरल, ताजा और मीठी खुशबू (फ्लो, अवे, जॉय) और दो जेस्टी, परिष्कृत यूनिसेक्स विकल्प (आईडी, वाइब) सहित एक लाइनअप के साथ, ईजी परफ्यूम विविध स्वाद और प्राथमिकताओं को पूरा करता है। श्री पुष्कर जैन, सीईओ और परफ्यूम, सवाई फ्रेगरेंस ने कहा,"हमें खुशी है कि हम इज परफ्यूम्स के वेरिएंट्स का लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें सुविधाओं को विलासिता और गुणवत्ता के साथ मिला कर तैयार किया गया है। है। यह परिचय नवाचार के प्रति हमारे समर्पण और हमारे समझदार ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा करने की पुष्टि करता है। ये परफ्यूम ले जाने में आसान हैं, जो हमेशा घूमने वाले लोगों के लिए काफी उपयुक्त है। और गर्व की बात है कि इसे भारत में बनाया गया है। प्रत्येक खुशबू एक परिष्कृत और बढ़िया अनुभव का वादा करती है, जो हर बोतल में उत्कृष्टता की हमारी खोज को दशार्ती है।" समझदार परफ्यूम के शौकीनों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई, ये कॉम्पैक्ट बोतलें समृद्ध, विशिष्ट खुशबू के साथ समझौता किए बिना बहुमुखी प्रतिभा सुनिश्चित करती हैं, जिसके लिए ईजी परफ्यूम (एऱी ढीशर्ङीर) की पहचान है। चाहे वह एलेशन और फ्लो के जीवंत नोट हों, सर्ज और अवे की ताजगी भरी खुशबू हो, नोमैड और जॉय की तरोताजगी से भर देने वाली खुशबू हो, या फिर आईडी और वाइब की विविधता से भरा आकर्षण हो, प्रत्येक खुशबू लालित्य और व्यक्तित्व के लिए ईजी परफ्यूम की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह परफ्यूम साथ में कहीं भी ले जाने में आसान है, यह ट्रैवल फ्रेंडली एडिशन हैं, जो शानदार खुशबू की कीमत को समझते हैं। यह व्यक्तिगत उपयोग और उपहार देने के लिए भी आदर्श हैं।

# राजस्थान के कई जिलों में मेघ मेहरबान, धौलपुर में सर्वाधिक साढ़े 5 इंच बरसा पानी

♦भारत टाइम्स♦

**बर कैलाश गुर्जर।** पिंकसिटी को सुबह रिमझिम बौछारों ने भिगोया सात जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट राजस्थान में दक्षिण पश्चिमी मानसून प्रवेश करने के बाद अब तेजी से कई इलाकों में सक्रिय हो रहा है। कहीं रिमझिम तो कहीं मूसलाधार बारिश का दौर लगातार चल रहा है। धौलपुर जिले में सर्वाधिक साढ़े पांच इंच पानी बरसा। बीते 24 घंटे में बारिश के चलते हुए हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई वहीं आज प्रदेश के 7 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। अगले 48 घंटे में प्रदेश के पूर्वी इलाकों में मानसून सक्रिय होने के संकेत मौसम केंद्र ने दिए हैं। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं कई स्थानों पर मौसम सुहाना हो गया। बहने लगा झरना बीती रात धौलपुर जिले में सर्वाधिक 131 मिमी पानी बरसा। पाली, भरतपुर अलवर में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई। तेज बारिश से पाली समेत कई जगहों पर झरना बहता दिखा। मौसम में बदलाव से जैसलमेर, जालोर, बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। पाली में तेज बारिश से सादड़ी में परशुराम महादेव मंदिर स्थित कुंड धाम पर झरना बहने लगा। इस सीजन में यह झरना पहली बार चला है। इन जिलों में बारिश के आसार मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले 24 घंटे में भरतपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अलवर और दौसा जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं राजसमंद, पाली, जालोर और सिरोही में भी तेज बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ अन्य सभी जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

## बारिश आ गई

*संग तेरे पहली बारिश आ गई,*
*जिस पल के सुने थे किस्से,*
*अब रु बा रु मुलाकात आ गई।*
*बारिश की थी प्यास*
*सावन की फुहार आ गई।*
*झुकी नजरे,*
*आसमान से गिरता पानी*
*हाथों में ले कर हाथ*
*अब बीच सड़क पर भीगने के*
*दिन आ गई।*
***प्रतिभा जैन उज्जैन मध्य प्रदेश***


## बेटे को बचाने गई मॉ करेंट से झुलसी, दोनो की मौत

**धानापुर(चंदौली)/बजरंगी प्रसाद।** बुधवार की देर शाम छह बजे के करीब करेंट की चपेट मे आने से मॉ-बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनो मे हडकंप मच गई। खबर लगते ही पुलिस और ग्रामीणो ने मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवो का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनो को सौप दिया। बृहस्पतिवार को धानापुर नरौली गंगा घाट पर शवो का अंतिम संस्कार किया गया। घटना चंदौली जनपद के धानापुर थाना अंतर्गत खडान गांव की है। जितेन्द्र राय का बडा बेटा प्रिंस (8) आंगन मे खेल रहा था। मॉ प्रीति देवी (32) पास मे खडी थी। इसी बीच प्रिंस का हाथ आंगन की अर्गनी से टच हो गया। जिसमे किसी कारण से करेंट उतर गई थी। जिसकी जानकारी किसी को होने से पहले ही बडा बेटा प्रिंस चपेट मे आकर छटपटाने लगा। छटपटाता देखकर मॉ प्रीति बेटे को बचाने के लिए आगे बढ़ी और वह भी चपेट मे आ गई। आनन-फानन मे परिजनो ने पास के एक निजी चिकित्सालय मे ले गए। जहा डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जिस घर के निगिस्ते के सहारे लोहे के तार की अर्गनी लटकाई गई थी, उसी निगिस्ते के सहारे बिजली की केबल भी गया है। जिसे चूहे द्वारा काटने की वजह से घटना का कारण बताया जा रहा है। पिता जितेन्द्र राय व छोटा बेटा प्रियांसू का रो-रोकर बुरा हाल बन गई है।

# दुःखों से भयभीत होता है प्राणी : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण

### दुःखों से मुक्ति के लिए कामना, तृष्णा व मोह को कम करने के लिए किया अभिप्रेरित

- 12 कि.मी. का विहार कर ज्योतिचरण पहुंचे खेड़े गांव
- गांधी एण्ड फुले विद्यालय में हुआ पावन प्रवास





♦भारत टाइम्स♦

**खेड़े। धुळे (महाराष्ट्र)।** जन-जन के मानस को आध्यात्मिक अभिसिंचन प्रदान करने के लिए निरंतर गतिमान जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी वर्तमान में महाराष्ट्र के धुळे जिले को पावन बना रहे हैं। गुरुवार को प्रातःकाल की मंगल बेला में धुळे के जिला मुख्यालय से अगले गंतव्य की ओर प्रस्थित हुए तो धुळेवासियों ने अपने आराध्य के श्रीचरणों में अपने कृतज्ञभाव समर्पित किए। जन-जन को आशीष प्रदान करते हुए आचार्यश्री आगे बढ़ चले। आसमान में छाए बादलों ने सूर्यकिरणों से राहत प्रदान करने का प्रयास तो अवश्य किया, किन्तु भारत में मानसून के सक्रिय हो जाने के कारण यदा-कदा हो रही बरसात से उमस की स्थिति बन गयी है, जो लोगों को पसीने से नहला रही है। प्राकृतिक अनुकूलता-प्रतिकूलता से सवर्था विरत दिखने वाले महातपस्वी निरंतर गतिमान थे। मार्ग में अनेक स्थानों पर ग्रामीण जनता को आशीष प्रदान करते हुए लगभग 12 किलोमीटर का विहार कर खेड़े गांव में स्थित गांधी एण्ड फुले (तांत्रिक) विद्यालय में पधारे। विद्यालय परिसर में आयोजित मंगल प्रवचन कार्यक्रम में समुपस्थित जनता को पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने कहा कि प्रश्न किया गया कि प्राणी किससे डरते हैं? इसका उत्तर प्रदान किया गया कि आदमी दुःखों से भय खाता है। पुनः प्रश्न हुआ कि दुःख पैदा कैसे होता है? इसका भी प्रत्युत्तर प्रदान करते हुए बताया गया कि प्राणी स्वयं ही अपने प्रमाद, आसक्ति, मोह, कषाय आदि के कारण दुःख को पैदा कर लेता है। प्रमाद से दुःखों की वृद्धि होती है। विषयों के प्रति आसक्ति, मोह से भी दुःख की प्राप्ति होती है और प्राणी दुःखों से डरता है। आपकी के भीतर व्याप्त कामानुवृद्धि, इच्छा, तृष्णा, मोह आदि कम हो जाए अथवा क्षीण हो जाए तो आदमी सर्व दुःख मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ सकता है। सर्व दुःख मुक्ति दिशा में आगे बढ़ते-बढ़ते आदमी कभी शाश्वत सुख अर्थात मोक्ष की प्राप्ति भी कर सकता है। त्यागी साधु-संतों के प्रवचन श्रवण अथवा सत्संगति से मोह, आसक्ति को कम करने की प्रेरणा भी प्राप्त हो सकती है। प्रवचन श्रवण से धर्म की जानकारी होती है। धर्म की जानकारी हो जाती है तो लोभ, मोह, तृष्णा से मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। इस दिशा में कभी आगे बढ़ते-बढ़ते अनासक्ति की भावनाओं का विकास हो सकता है और आदमी के जीवन की दशा व दिशा भी बदल सकती है। धर्मगुरुओं की वाणी, साधु-संतों की वाणी कल्याणकारी हो सकती है। आचार्यश्री के मंगल प्रवचन के उपरान्त विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती रजनी महाजन व खेड़े श्रीसंघ की ओर श्री प्रदीप चतुरमूथा ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। तथा आचार्यश्री से पावन आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 52 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी कानपुर में सिग्मा का मालिक गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** यहां 52 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी के मामले में राधे-राधे इस्पात कंपनी (सिग्मा) के मालिक को गिरफ्तार किया गया है। लखनऊ की डीजीजीआई टीम ने यह कार्यवाही छापेमारी के बाद की। बाद में टीम ने कंपनी के डायरेक्टर नवीन जैन को गिरफ्तार कर स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बताया गया कि नवीन जैन कुल 8 कंपनियों में डायरेक्टर हैं। उनका पूरा अफिस सीसीटीवी से लैस है। इस ऑफिस को बेहद गोपनीय तरीके से बनाया है। यहां हर तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ऑफिस परिसर में कदम रखते ही अंदर बैठे व्यक्ति को आपके आने की जानकारी हो जाएगी। अवगत कराते चलें कि ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन (57) श्री राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। फतेहपुर, मलवां में उनकी फर्म है, साथ ही फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है।

## शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुँचे सिक्किम के राज्यपाल



♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर/ वाराणसी।** सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य गुरुवार की सुबह रामनगर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले किला रोड पर स्थित मां मंशा देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह तपोवन स्थित प्यारी देवी इंटर कालेज के नव निर्मित भवन का उद्घाटन करने पहुँचे। यहां पहुंचने पर भाजपा नेता आशा गुप्ता,डा अनुपम गुप्ता,शैलेन्द्र किशोर पांडेय मधुकर,अशोक जायसवाल, आशीष केसरवानी, अजय प्रताप सिंह,जितेंद्र पांडेय,रितेश पाल गौतम,मनोज यादव,लल्लन सोनकर,दिलीप सोनकर,भैयालाल सोनकर,अंकित राय, संतोष पटेल आदि लोगों ने स्वागत किया। यहां तीन घंटे उपस्थित रहने के बाद वह गोलाघाट स्थित संघ के प्रांत के सह प्रचारक विनोद गुप्ता के आवास पहुंचे और उन्होंने परिवार को सांत्वना दिया। विनोद गुप्ता की माता कुसुम देवी का 82 वर्ष की अवस्था मे पिछले 20 जून को निधन हो गया था। यहां 20 मिनट उपस्थित रहने के बाद वे वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

## सीएम योगी ने की राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के संयुक्त अभिभाषण को बताया प्रेरक

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद के दोनों सदनों में दिए गए संयुक्त अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए इसे विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते नए भारत की आकांक्षाओं की सिद्धि के संकल्पों से भरा हुआ करार दिया। इस प्रेरक अभिभाषण के लिए सीएम योगी ने राष्ट्रपति का अभिवादन भी किया। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, श्मा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आज संसद के दोनों सदनों में दिया गया संयुक्त अभिभाषण 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में बढ़ चले 'नए भारत' की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं की सिद्धि के संकल्पों से भरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी और विजनरी नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में एनडीए की सरकार ने विकास व विरासत के मंत्र के साथ 140 करोड़ देश वासियों के जीवन में नया सवेरा लाने का अद्भुत प्रयास किया है। माननीय राष्ट्रपति जी के प्रेरक अभिभाषण के लिए उनका हार्दिक अभिनंदन। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया।

## श्रेया के गायन से सभी श्रोतागण हुए भाव–विभोर

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** वाराणसी में गुरुवार को आनन्द कानन अस्सी घाट में 'शिल्पायन द म्यूजिक हब' की छात्रा बनारस की युवा कलाकार श्रेया श्रीवास्तवा ने सुमधुर प्रस्तुति दी। श्रेया ने सर्वप्रथम राग यमन में बंदिश की प्रस्तुत की। उसके पाश्चात कुछ भजनों व कजरी की कर्ण प्रिय प्रस्तुति कर सभी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रेया के साथ संवादिनी पर बनारस के युवा कलाकार प्रवीण सिंह व तबले पर



सुपरिचित कलाकार कृष्ण कुमार उपाध्याय ने अत्यंत सधे हुए साथी कलाकारों के रुप में कार्यक्रम को चार चांद लगाया।कार्यक्रम के समापन पर समस्त कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रेम सिंह ने प्रदान करते हुए आशीर्वाद तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। उक्त सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बनारस के सुप्रतिष्ठित कार्यक्रम सुबह-ए-बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा द्वारा किया गया एवं मंच संचालन आद्या मुखर्जी द्वारा किया गया।

# जन्म का प्रमाण– पत्र ही सभी दस्तावेजों का आधार होगा

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय झाबुआ द्वारा जन्म- मृत्यु पंजीयन के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि अधिनियम लागू होने वाली दिनांक के पश्चात जन्में बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि अधिनियम लागू होने वाली 01 अक्टूम्बर 2023 के पश्चात जन्में बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले अन्य दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, स्कूल में प्रवेश, मतदाता सूची, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, सरकारी नौकरियों में ज्वाईनिंग एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का एकमात्र प्रमाण होगा।

**भोपाल से आए अधिकारीः-** कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय म.प्र. भोपाल से आए हरीश चन्द्र त्रिपाठी, सहायक निर्देशक एवं सांखिकी अन्वेषक राकेश मीणा के



द्वारा जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम, 2023 CRS Revaniped Portal - dc.crsorgi.gov.in पर प्रशिक्षण दिया गया एवं विस्तृत चर्चा की गई।

**पंजीयन की ऐसी होगी प्रक्रियाः-** चिकित्सा संस्थओं में हुई प्रत्येक मृत्यु की घटना का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणिकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबधित रजिस्ट्रार एवं द्वितिय प्रति निकाटतम संबंधित को निःशुल्क दी जायेगी। CRS Revaniped Portal - dc.crsorgi.gov.in में आम नागरिकों द्वारा लॉग ईन करने पर संबंधित उपयोगकर्ता के मोबाईल पर डळढ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने पर जन्म-मृत्यु की घटना की सूचना संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाईन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ई-मेल आईडी पर प्राप्त हो जावेगा एवं डाउनलोड किया जा सकेगा।

### अधिनियम एवं पोर्टल से संबंधित जानकारी दीः-

*प्रशिक्षण में जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम, 2023 एवं CRS Revaniped dc.crsorgi.gov.in विषय पर जिले समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थाओं के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, नगर पालिका / नगर परिषद् के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, एवं कुछ प्राईवेट अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*

## ऑपरेशन थर्ड आई के तहत थाना नामली अंतर्गत महू नीमच फोरलेन पर लगाए जा रहे 30 सीसीटीवी कैमरे

♦भारत टाइम्स♦

**रतलाम नामली/ जगदीश परमार।** चोरी, अवैध वसूली, ट्रक कटिंग जैसी घटनाओं सहित असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर रतलाम पुलिस द्वारा थाना नामली से लगे महू नीमच फोरलेन पर असमाजिक तत्वो द्वारा लगातार बडती चोरीयो कि घटनाओं पर अंकूश लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधीकारी पुलिस रतलाम (ग्रामीण) श्री अभिलाष भलावी एवं थाना प्रभारी नामली श्री विक्रम सिंह चौहान के द्वारा गांव नामली कस्बा रहवासियों के साथ बैठक आयोजित की गई। अपराधों की गंभीरता पर बैठक में अनुविभागीय अधीकारी पुलिस रतलाम (ग्रामीण) द्वारा गांव के सभी रहवासियों को आवश्यक समझाइश दी गई। रतलाम पुलिस की पहल पर चोरी, अवैध वसूली, फोर लेन पर ट्रक कटिंग जैसी घटनाओ को रोकने के लिये सभी रहवासियों को सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाने की समझाईश भी दी गयी



थी जिसके परिपालन में गांव नामली कस्बे के पंचेड फंटा, भदवासा फंटा, कांडरवासा फंटा, बडौदा पुलिस चौकी 8-लेन मार्ग, गोकूल ढाबा, ग्राम मेवासा, भेसाखेडी माता मंदिर, इत्यादि जगहो पर लगातार कंजरो का मुवमेंट रहता है एवमं ट्रक कटिंग जैसी घटित होती रहती है साथ ही अज्ञात वाहनो द्वारा ऐक्सीडेंट कि घटना घटित होती रहती है। जिस हेतु 30 उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाने का कार्य प्रारंभ किया जिनको ऑप्टीकल फायबर के माध्यम से थाना नामली में 55 ईन्च एलईडी पर लाईव फिड प्राप्त कि जाएगी।

## इंदौर भोपाल और ग्वालियर में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन तैयार ही नहीं हो सके, वाहनों की फिटनेस जांच अक्टूबर तक लागू होना मुश्किल

### एजेंसियों ने कहा- मशीनों की सप्लाई होने में लगेगा समय, दो माह और मांगे

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** परिवहन विभाग प्रदेश में सबसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) शुरू करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन अब तक तीनों शहर में एटीएस तैयार नहीं हो सके हैं। एटीएस से वाहनों की फिटनेस जांच करने की जिम्मेदारी जिन एजेंसी को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दी है। उन्होंने परिवहन विभाग के अफसरों से कहा है कि दो माह का समय उन्हें दिया जाए, क्योंकि जो आधुनिक मशीनें लगाई जानी हैं, उनकी सप्लाई अभी कंपनियों से होने में वक्त लग रहा है। हालांकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि अक्टूबर तक एटीएस को अनिवार्य रूप से लागू करना है, लेकिन परिवहन विभाग की तैयारी को देखते हुए लग रहा है कि अक्टूबर तक सभी जिलों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पाएगी। अभी वाहनों की फिटनेस जांच मैन्युअल होती है :- अभी आरटीओ कार्यालय में वाहनों की फिटनेस मैन्युअल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाती है। लेकिन आधुनिक मशीनों से वाहनों की फिटनेस जांच कुछ ही सेकंड में हो सकेगी। एटीएस में मशीनों के माध्यम से यह जांच होगी कि वाहन से निकलने वाला धुआं मानक के अनुरूप है या नहीं। इलेक्ट्रिकल पाट्र्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। इतना ही नहीं यदि एटीएस द्वारा वाहनों को फिटनेस जांच में अनफिट घोषित किया जाता है तो वाहन मालिक को आरटीओ के समक्ष एक बार अपील करने का मौका मिलेगा। इसके लिए दोबारा फीस जमा करना होगा। दूसरी बार की जांच में यदि वाहन को फिट करार दिया जाता है तो ही आरटीओ फिटनेस प्रमाण पत्र



जारी करेगा अन्यथा ऐसे वाहनों को स्क्रैप कराना होगा। 8 साल तक पुराने कॉमर्शियल वाहनों की जांच हर दो साल में कराना अनिवार्य अभी नॉन कॉमर्शियल दो पहिया व चार पहिया वाहनों की फिटनेस जांच 15 साल में कराने का नियम है। वहीं 8 साल तक पुराने कॉमर्शियल वाहनों की जांच हर दो साल में जबकि 8 साल से अधिक पुराने कॉमर्शियल वाहनों की जांच हर साल कराना होता है। तभी ऐसे वाहन सड़क पर चलने योग्य माने जाते हैं। परिवहन विभाग के अनुसार फिटनेस जांच के मापदंड गाड़ी के टायर की कंडीशन रोड पर चलने लायक होनी चाहिए। गाड़ी से निकलने वाला धुआं मानक से अधिक नहीं होना चाहिए। व्हीकल के बेस में कोई क्रेक या अन्य खराबी नहीं चाहिए। इसके साथ ही वाहनों की लाइट आदि की जांच की जाती है। इन मानकों को पूरा करने पर ही वाहन मालिक को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी हो जाएगा।

## रोटरी क्लब अपना के तत्वाधान में रक्तदान शिविर दिनांक 1 जुलाई को नगर के प्रसिद्ध पडवाल हॉस्पिटल में

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** मेघनगर के प्रसिद्ध पडवाल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर दिनांक 1 जुलाई को मुख्य अतिथि श्री दयाराम दास महाराज, शपथ अधिकारी पीडीजी अशोक तातेड, विशेष अतिथि राहुल मुथा सहा.गवर्नर मेघनगर रोटरी क्लब अपना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी एवं सचिव कमलेश कुमार गरवाल की ताज पौशी एवं अध्यक्ष पद से नवाजे जाने के साथ दिनांक 1 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ! नवनिर्वाचित अध्यक्ष के द्वारा बोर्ड का गठन कर बोर्ड के गठन की संपूर्ण जानकारी शाजा की जाएगी जिसमें यह रहेंगे सदस्य एवं पदाधिकारी श्रीमती माया शर्मा उपाध्यक्ष, संरक्षक विनोद बाफना एवं अजय वीर सिंह,रोटरी क्लब के फाउंडेशन चेयर मेन मांगीलाल नायक, क्लब ट्रेनर बहादुर सिंह चौहान, मेंबरशिप डेवलपमेंट पंकज राका, पब्लिक इमेज एवं ब्लड डोनेशन चेयर मेन डाक्टर किशोर नायक, क्लब सर्विस प्रोजेक्टर जयंत सिंगल, स्वास्थ्य अध्यक्ष, महेश प्रजापत, एवं योगेश नायक, इवेंट मैनेजमेंट, श्रीमती चंदनबाला शर्मा, श्रीमती कुसुम सोलंकी, कांतिलाल नीमा, कयूम खान, लीगल एडवाईजर दीपक व्यास यंग विंटर कास्ट कॉन्टैक्ट लोकेंद्र शर्मा, जनरल सेक्रेटरी अभय जैन कार्यक्रम संचालक जयंत बैरागी लिटरेसी अध्यक्ष कांतिलाल नीमा को सर्व सहमति से नवाजा गया है रोटरी क्लब अपना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की घोषणा कर विस्तार से बताएंगे ! रोटरी क्लब अपना के संस्थापक अध्यक्ष भरत मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 जुलाई को नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव एवं पूरी बॉडी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमे नगर के सेवाभावी डॉक्टरो एवं कलमकारों का सम्मान भी किया जाएगा यह भव्य कार्यक्रम 1 जुलाई को नगर के प्रसिद्ध पडवाल हॉस्पिटल मेघनगर की झाबुआ रोड पर आयोजित किया जा रहा है !

**अस्पताल** इलाज में लापरवाही से आंगनबाडी कार्यकर्ता की मौत के मामले में जाटव समाज की महापंचायत आज, होगा आंदोलन का एलान

# हिण्डौन के निजी अस्पतालों में झोलाछाप कर रहे मरीजों का इलाज, आए दिन मौतों के बाद भी चिकित्सा विभाग और प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

♦भारत टाइम्स♦

**दीनदयाल सारस्वत।** हिण्डौन सिटी। उपखंड मुख्यालय पर चिकित्सा के नाम पर मरीजों को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है। हालात ये है कि भारी भरकम खर्च के बाद भी मरीजों को बीमारी से निजात नहीं मिल रही है, बल्कि चिकित्सा के नाम पर लापरवाह और असुरक्षित इलाज मरीजों की असमय जान ले रहा है। हालात ये है कि हिण्डौन के निजी अस्पतालों में झोलाछापों द्वारा ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं, जिसमें कई बार मरीजों की मौत हो जाती है। ऐसे मामलों में मिलीभगत के चलते चिकित्सा विभाग और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी दोषियों के खिलाफ नकेल कसने की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गत दिनों एक निजी नर्सिंग होम में लापरवाह इलाज से आंगनबाडी कार्यकर्ता की मौत हो जाने के विरोध



में लामबंद हुए जाटव समाज की ओर से 28 जून को सुबह 10 बजे हिण्डौन में महापंचायत आयोजित होगी, जिसमें दोषियों के खिलाफ आंदोलन का एलान किया जाएगा। गौरतलब है कि उपखंड मुख्यालय पर झोलाछापों द्वारा निजी अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जागरूक संस्था हिंडौन हल्ला बोल के संयोजक दीनदयाल ने इस संबंध में शिकायत की तो राज्य सरकार ने करीब एक माह पहले जयपुर से जांच दल हिण्डौन भेजा, जिसने कुछ नर्सिंग होमों को सीज करने के साथ अवैधानिक चिकित्सा संबंधी कार्य किए जाने के मामले में थाने में केस भी दर्ज कराया। जांच दल के जाने के बाद पुलिस की ओर से अभी तक उस आपराधिक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इसी प्रकार सीज किए गए नर्सिंग होमों के संचालक झोलाछापों के विरोध में भी चिकित्सा विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। यही कारण है कि जिन नर्सिंग होमों को सीज करने की कार्रवाई की गई, उनके संचालक अभी भी गैरकानूनी ढंग से चिकित्सा संबंधी कार्य धडल्ले से कर रहे हैं। हाल ही कुछ दिन पहले बाईपास स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए लाई गई श्रीमहावीरजी के अकबरपुर गांव निवासी आंगनबाडी कार्यकर्ता पिंकी जाटव की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के शव को हॉस्पिटल के सामने सडक पर रख प्रदर्शन किया और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस मामले में चिकित्सा विभाग के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी आमजन में आक्रोश है। इसी संबंध में अब 28 जून को सुबह 10 बजे हिंडौन के बयाना रोड स्थित जाटव बगीची में जाटव समाज की महापंचायत होगी, जिसमें पीडित परिवार को न्याय दिलाने के साथ लापरवाह चिकित्सा विभाग और पुलिस के आला अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस बैठक में हिण्डौन उपखंड के साथ आसपास के अन्य शहरों और गांवों से भी बडी संख्या में जाटव समाज के लोग एकत्र होंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त निजी हॉस्पिटल की तरह आए समय अन्य निजी नर्सिंग होमों में भी मरीजों की असमय मौत हो जाने पर बखेडा होता रहता है। पूर्व में खरैटा रोड और ब्राह्मण धर्मशाला के पास संचालित निजी नर्सिंग होमों में भी लापरवाहपूर्ण चिकित्सा के चलते मरीजों की मौत हो जाने पर काफी हंगामा हुआ था। खास बात यह है कि इन नर्सिंग होमों में दिखावे के नाम पर तो कागजी रिकॉर्ड में डॉक्टर और नर्सिंगकर्मी भाडे पर रखे हुए हैं, लेकिन असल में उपचार का कार्य झोलाछापों द्वारा किया जा रहा है, जिससे मरीजों की असमय मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इस संबंध में कई बार चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई है, लेकिन मिलीभगत के चलते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।




# कानून का राज सुशासन की पहली शर्तः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने यूपी-112 द्वितीय चरण के अंतर्गत उच्चीकृत पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया...

- सीएम ने कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षियों को वातानुकूलित हेलमेट का भी किया वितरण
- पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का हुआ गठनः योगी







♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** 27 जूनः कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी। प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटबिल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही वातानुकूलित हेलमेट का वितरण किया। सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है।

### सीएम योगी ने कानपुर पुलिस के प्रयासों की सराहना की

कानपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कर्मचारी कल्याण के लिए एसी हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल की गई। इसका निर्माण हैदराबाद की कंपनी ने किया है। कानपुर मेट्रो में काम कर रही एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर ने कानपुर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए सीएसआर गतिविधि के माध्यम से सहयोग दिया है। सीएम ने कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षी सुगौरव तिवारी को हेलमेट पहनाया। सीएम ने कहा कि गर्मी के नए रिकॉर्ड टूटे हैं। अंतिम चरण की चुनाव ड्यूटी के लिए जब पुलिस व कर्मचारी प्रस्थान कर रहे थे तो एक ही दिन में दर्जनों मौतें हुईं। उस समय तापमान बहुत अधिक था। लू-भीषण गर्मी में भी यूपी पुलिस लोगों को बेहतर सुविधा देती है। ट्रैफिक पुलिस के जवान चौराहे पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करते है। कई बार ऐसा करते-करते जवान बेहोश हो जाते हैं या कोई अप्रिय घटना हो जाती है। यह एसी हेलमेट कुछ हद तक मदद करने में सहभागी बनेगा। सीएम ने कहा कि कानपुर कमिश्नरेट पुलिस का यह प्रयास सराहनीय है।

### सेफ सिटी के लिए गोरखपुर से शुरू हुआ था ऑपरेशन त्रिनेत्र, जनता का मिला भरपूर सहयोग

सीएम योगी ने कहा कि पुलिस कमिश्नर कानपुर जब गोरखपुर के एडीजी थे तो उन्होंने सेफ सिटी का प्रयास प्रारंभ किया था। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने गृह मंत्रालय व राज्यों से कहा था कि महिला सुरक्षा के बारे में संवेदनशील बनना होगा। उनकी चिंता को ध्यान में रखते हुए 2016 में सेफ सिटी के लिए यूपी पुलिस ने गोरखपुर से ऑपरेशन त्रिनेत्र की शुरूआत की। इसमें शासन, नगर निकाय, विकास प्राधिकरण, व्यापार मंडल, सामान्य नागरिक का सहयोग मिला। उसके परिणाम हमें देखने को मिलते हैं। इससे घटनाएं नहीं होतीं, यदि हो भी गईं तो कुछ ही घंटों के अंदर अपराधी पुलिस की भेंट चढ़ जाता है। यह बताता है कि हमने टेक्नोलॉजी के साथ मैनपॉवर को ट्रेंड किया है। ऐसे कार्यक्रमों में जनता का भरपूर सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, एडीजी यूपी 112 नीरा रावत आदि मौजूद रहे।

कानून के राज ने पुलिस को बनाया विश्वास का प्रतीक- सीएम योगी ने कहा कि पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया। 2017 में सीएम बनने के बाद पहली प्रशासनिक बैठक की, वहां पता चला कि यूपी आबादी में देश का सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन यह छठवीं अर्थव्यवस्था था। जैसे-जैसे प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ तो यूपी देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा और अब तेजी के साथ देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। सीएम ने कहा कि समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं देंगे तो पुलिस बल पिछड़ जाएगा। ऐसा होने से सबसे खतरनाक असर सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर पड़ेगा। जनता का विश्वास एक बार व्यवस्था से हटा तो उसे बहाल करने में लंबे समय तक कवायद करनी पड़ेगी। पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का हुआ गठन- सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में नए युग में प्रवेश किया है। निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह केवल नारे नहीं, जमीनी हकीकत है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की तो समुचित प्रशिक्षण भी कराया। बड़े महानगरों को छोड़ विकास प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सामान्य जनपद में सबसे ऊंची बिल्डिंग पुलिस लाइन के अंदर बन रहे पुलिस के आधुनिक बैरक की है। यहां अवस्थापना सुविधाओं का विकास और ट्रेनिंग की क्षमता को बढ़ाया गया। पुलिस बल के आधुनिकीकरण के अनेक प्रयास हुए। पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन किया गया। गत वर्ष पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है। तीन वर्ष का कार्यक्रम शासन ने तय किया, फ्लीट में शामिल होंगे 6278 वाहन- सीएम योगी ने कहा कि हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया। सात वर्ष में फोर व्हीलर के साथ टू व्हीलर भी शामिल किया गया, जिससे गली-मोहल्लों तक पीआरवी आमजन की सेवा के लिए पहुंच सके। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय यूपी पुलिस का पीआरवी 112 सुर्खियों में बना था। लोगों ने पुलिस बल के सेवा भाव को देखा था। जिन गली-मोहल्लों में फोर व्हीलर नहीं जा सकती, वहां टू व्हीलर की सुविधा पहुंची। अगले तीन वर्ष का बड़ा कार्यक्रम शासन ने तय किया है। इस फ्लीट में 6278 फोर और टू व्हीलर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास प्रारंभ किया है। इस वर्ष 1778 फोर-टू व्हीलर को फ्लीट का हिस्सा बनाने वाले हैं।

# राज्य स्तरीय महिला एवं बालिका सशक्तिकरण नीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

♦भारत टाइम्स♦



**रहीम शेरानी। झाबुआ।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिये आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का भोपाल में शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की मध्यप्रदेश में महिला बाल विकास विभाग उस वर्ग के लिये नीति बनाने का कार्य करने जा रहा है जो आधी आबादी है। इसमें सभी विभागों के सहयोग से ऐसी महिला नीति को धरातल पर लेकर आना है जो अन्य राज्यों के लिये प्रेरणा बनें। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा की महिलाओं को आज सभी क्षेत्रों में वैधानिक रूप से समान अधिकार प्राप्त है, लेकिन समाज में उन्हें आज भी इसके लिये संघर्ष करना पड़ता है। महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना उनके पूरे भविष्य को तय करता है। केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा के लिये विभिन्न योजनाएँ बनाई है। महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी दृष्टिकोण है जिसमें आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, विधिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं का समावेश है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला नीति मात्र कागजी दस्तावेज न बने, इसे मेनिफेस्टो के रूप में तैयार करें। सभी ऐसे विभाग जो महिला सशक्तिकरण के पहलूओं से अनछूए को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एक नारा नहीं है, यह विकास की धारा से जुड़ा ऐसा कार्य है जो स्वयं और दूसरों के लिये सामाजिक परिवर्तन को प्रभावित करने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास संजय शुक्ला ने कहा कि सशक्तिकरण के कई घटक है जैसे शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कानून आदि। नीति में महिलाओं के मानव अधिकार, उनकी भागीदारी, हिंसा जैसी कुरीतियों को कैसे दूर किया जा सकता है, उसका समावेश हो। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि महिला नीति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह कि महिलाओं का वर्तमान में मोबाईल से काम करना डिजिटल सशक्तिकरण है। केवल एक दिशा में प्रयतन करने से वांछित सफलता मिलना कठिन है क्योंकि महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी अवधारणा है। इस कार्य में एनजीओ तथा सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ना आवश्यक है। महिला और बालिकाओं के सशक्तिकरण की शुरूआत हम अपने घर और विभाग से करें। आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूखी वली ने कहा कि महिला एवं बालिका सशक्तिकरण नीति अगले दस वर्षों के लिये होगा। आगामी तीन माह में नीति का निर्धारण विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण लगातार प्रक्रिया है। नीति निर्धारण के लिये सुझाव लिये जाएंगे और प्रारूप तैयार किया जाएगा। अनुमोदन के बाद गजट नोटिफिकेशन जारी भी किया जायेगा। साथ ही नीति के बिन्दुओं की लगातार मॉनिटरिंग और समीक्षा भी की जाएगी। यूएनएफ पीए के जयदीप बिस्वास ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला और बालिकाओं के सशक्तिकरण में हर स्तर और वर्ग की भागीदारी है। किसी भी कार्य को सही सफल बनाने के लिये उसकी नींव का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में महिला वित्त विकास निगम की एमडी सुश्री निधि निवोदिता सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 1510 करोड़ रुपए से निर्मित होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

- बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ कंसेशन एग्रीमेंट
- फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया




♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ/नोएडा।** सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे। 1095 दिनों में फिल्म फैसिलिटीज की होगी शुरूआत- यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 156 एकड़ में निर्मित होंगे फिल्मी कंपोनेंट्स - भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा।

### वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी बनाने का वादा

साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निमार्ता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है, हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं, वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागम होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा। यमुना प्राधिकरण का स्वभाव है कि वो अपने निवेशकों को नहीं मांगने पर भी उनकी सुविधा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करता है।

# लगातार छिंदवाड़ा पुलिस को मिल रही एक अच्छी सफलता

♦भारत टाइम्स♦





**छिंदवाड़ा /जगदीश परमार।** छिंदवाड़ा पुलिस कप्तान मनीष खत्री द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन थर्ड आई की सहायता से लगातार छिंदवाड़ा पुलिस को अहम सफलता मिलती चली जा रही है कुंडीपुरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन थर्ड आई की सहायता से छिंदवाड़ा पुलिस को अंतर राज्य शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने में एक बड़ी सफल हासिल की है और उपयोग से कुल 20 लाख 65000 का माल छिंदवाड़ा पुलिस ने बरामद किया है छिंदवाड़ा पुलिस कप्तान मनीष खत्री द्वारा अपराधों के संबंध में विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए जिसमें छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा ऑपरेशन थर्ड आई चलाए जा रहा जिसमें शहर ग्रामीण क्षेत्र एवं मुख्य स्थान चुनाव प्रमुख मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से नियंत्रण प्राप्त किया गया है जिसमें अपराधियों की धर पकड़ में लगातार सुविधा प्राप्त हो सके ऑपरेशन थर्ड आई के अंतर्गत सर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जन सहयोग से कैमरे लगाए जा रहे हैं मुख्य आम जनमानस व्यक्तियों को सीसीटीवी फुटेज चेक करने में वह अपराधियों की धर पकड़ करने के लिए विशेष सहयोग मिल रहा है आरोपियों को पकड़ने में ऑपरेशन थर्ड आई का विशेष भूमिका नजर आ रही है,। विगत दिनों जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में कई बड़ी सफलता छिंदवाड़ा पुलिस को मिली पुलिस स्टेशन कोतवाली के अंतर्गत घर से हुई चोरी की घटना का पदार्फाश कर आरोपियों से सोने चांदी के जेवरात और नगदी कूल 920000 बरामदकर और आरोपी को गिरफ्तार किया गया छिंदवाड़ा पुलिस ने कई चुनौती पूर्ण कार्यों में सफलता हासिल करने की 55 लाख 16000 रुपए लागत बरामद किया गया इसके साथ ही चोरी गया माल को भी पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की छिंदवाड़ा पुलिस लगातार ऑपरेशन थर्ड आई के अभियान पर कार्य कर ऐतिहासिक सफलता हासिल कर रही है।

# बलिया में आकाशीय बिजली ने ले ली दो किसानों की जान

♦भारत टाइम्स♦



**(शीतल निर्भीक ) बलिया।** जिले में में दो जगहों पर बारिश के बीच बिजली गिरने से खेतों पर गए दो किसानों की मौत हो गई। गुरुवार को चितबड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धमापुर (बिसराई स्थान) निवासी गणेश राजभर (40) अपने खेत में चारा काटने गए थे। इस दौरान बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए वह घर के लिए चले लेकिन तब तक बिजली गिर गई। चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हुई। मिली जानकारी के अनुसार जिले की गड़वार थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव में दोपहर बाद गरज के बीच बारिश होने लगी। गांव निवासी सरवन खरवार (48) खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच तेज कड़क के साथ बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से खेत में ही सरवन की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी रसड़ा संजय कुशवाहा व गड़वार पुलिस मौके पर पहुंची। सरवन की एक बेटी व बेटे की शादी नहीं हुई है। वहीं, पकड़ी थाना क्षेत्र के हरखबसंत गांव में बिजली गिरने से से लाखों के बिजली उपकरण जल गए।